

भारत-इजरायल संबंध को नुकसान पहुंचाने की साजिश ! इजरायली दूतावास ने किस वायरल दावे को बताया 'फर्जी'

# रॉयल बुलेटिन

प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक

तापमान- अधिकतम- 39
न्यूनतम- 28




भारत के आक्रामक तेवर से परेशान पाकिस्तान, गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें की रद

◆ वर्ष 41, अंक 118 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, गुरूवार 01 मई, 2025 ◆ बैशाख शुक्ल शक संवत 1942 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4


## दिल्ली में लगेगी बोडो नेता उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की प्रतिमा

### सड़क भी उन्हीं के नाम पर होगी, गृहमंत्री शाह कल करेंगे इनॉगरेशन


नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली के कैलाश कॉलोनी में बोडो नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा के सम्मान में सड़क और प्रतिमा का इनॉगरेशन करेंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दक्षिण दिल्ली में लाला लाजपत राय मार्ग के एक हिस्से का नाम बदलकर बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा मार्ग करने का निर्णय लिया है। फॉदर ऑफ बोडो पीपुल्स के रूप में जाने जाने वाले बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा एक महान नेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बोडो समुदाय के अधिकारों, पहचान और उत्थान के लिए कई प्रयास किए। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। साथ ही बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो, दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह, असम विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी, बोडोलैंड के कल्याण मंत्री उरखाओ ग्वारा ब्रह्मा, एबीएसयू के अध्यक्ष दीपेन बोरो आदि भी मौजूद रहेंगे। कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन के पास स्थित 835 मीटर-50 फीट चौड़ी सड़क है, जो बोडोलैंड गेस्ट हाउस के बगल से होकर गुजरती है। इस सड़क को ही अब बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा मार्ग कहा जाएगा। इसके साथ ही, कैलाश कॉलोनी गोल चक्कर पर एक प्रतिमा का अनावरण होगा।



## रूस दौरे पर नहीं जाएंगे पीएम मोदी

● पुतिन संग विक्ट्री डे परेड में होना था शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के दौरे पर नहीं जाएंगे। रूस ने 9 मई को होने वाले अपने खास समारोह विक्ट्री डे परेड में शामिल होने का न्योता पीएम मोदी को दिया था। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर जीत की 80वीं सालगिरह के तौर पर मनाया जाता है। उस समय रूस के उपविदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने बताया था कि इस जश्न के लिए पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा जा चुका है। हालांकि, अब जानकारी मिल रही कि पीएम



मोदी मॉस्को में होने वाले विक्ट्री डे परेड में शामिल नहीं होंगे। माना जा रहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस तरह के हालात हैं उसे देखते हुए ये फैसला लिया गया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी भले ही उपस्थित नहीं होंगे, लेकिन भारत का प्रतिनिधित्व एक अलग राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के जरिए किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की जगह कौन इस समारोह में शामिल होंगे।

# देश में जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार

● कैबिनेट की बैठक में हो गया ऐतिहासिक फैसला

**जनगणना के साथ ही अब होगी जातिगत गिनती**

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र की मोदी सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए आगामी जनगणना के साथ जातिगत गणना कराने का निर्णय लिया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग में बताया कि सरकार ने जनगणना के दौरान जातियों की गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जातिगत गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाएगा। यह कदम सामाजिक समावेशिता और नीतिगत योजनाओं को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया है। 2010 में दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की है। इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया। यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण किए हैं।

## मुंबई पुलिस की कमान संभालेंगे बिहार के देवेन भारती

पटना (एजेंसी)। बिहार के दरभंगा के रहने वाले आईपीएस अधिकारी देवेन भारती मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। वह वर्तमान कमिश्नर विवेक फणसालकर की जगह लेंगे। 35 साल की नौकरी के बाद फणसालकर आज यानी बुधवार को रिटायर हो रहे हैं। देवेन भारती 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे मुंबई के लॉ एंड ऑर्डर में स्पेशल पुलिस कमिश्नर रहे हैं। उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। देवेन ने शाम को पद संभाल लिया है। 2014 से लेकर 2019 तक फडणवीस के सीएम कार्यकाल के दौरान भारती जॉइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) के पद पर थे। भारती मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले की जांच में शामिल थे। पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में उनका अहम रोल रहा। विवेक फणसालकर के रिटायर होने के बाद चर्चा थी कि पद किसे मिलेगा। महिला पुलिस अधिकारी अर्चना त्यागी का नाम भी पुलिस कमिश्नर की रेस में था।



## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन

● पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को बनाया नया चेयरमैन ● 5 सदस्यों में आर्मी-नेवी-एयरफोर्स के पूर्व अफसर भी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच, सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। यह एक बड़ा बदलाव है। यह बदलाव तब हुए जब भारत-पाकिस्तान के बीच खींचतान जारी है और उम्मीद की जा रही है कि भारत पहलगाम हमले का ठोस जवाब देगा। बहरहाल, बोर्ड के अन्य सदस्यों में कई बड़े नाम शामिल हैं। पूर्व पश्चिमी वायु सेना कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना अब बोर्ड का हिस्सा होंगे। ये सभी सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भी



बोर्ड में शामिल हैं। ये दोनों भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। बी वेंकटेश वर्मा, जो एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं, भी सात सदस्यीय बोर्ड का हिस्सा हैं।

# पहलगाम में मारे गए शुभम के परिवार से मिले राहुल

**पत्नी रोने लगीं तो गले लगाया, कहा-मैंने भी पिता, दादी को खोने का दर्द झेला**

अमेठी (एजेंसी)। राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। मंगलवार को उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए। ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। ऐशन्या ने राहुल गांधी को बताया- 22 अप्रैल को दोपहर 2.25 बजे हम लोग लंच कर रहे थे। तभी नॉर्मल कपड़ों में एक आतंकी आया। उसने पूछा- हिंदू हो या मुसलमान। हिंदू कहते ही सिर्फ 5 सेकेंड में मेरे पति को गोली मार दी। राहुल ने पूछा- यह सब कितनी देर तक चला। इस पर ऐशन्या ने



कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे। उन्हें यह टारगेट दिया गया था कि पत्नी के सामने पति की हत्या करनी है। वे महिलाओं से कहते थे कि जाकर अपनी सरकार को बताओ। मैं तुम्हारे पति को मार रहा हूं, तुम्हें नहीं मारूंगा।

राहुल ने फिर पूछा- जो लोग घायल थे, वे नीचे कैसे पहुंचे। ऐशन्या ने जवाब दिया- सर, मुझे मेरी बहन घसीटकर नीचे ले आई। आतंकियों ने महिलाओं को छुआ तक नहीं। राहुल ने पूछा- आपने यह सब खुद देखा। इस पर ऐशन्या ने कहा- हां, मैं करीब 15-20 मिनट तक वहां थी। इसके बाद ऐशन्या की बहन ने कहा- मैंने वहां मदद मांगी, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। मेरी बहन शॉक्ड थी। कह रही थी कि वह नहीं जाएगी। मैं जबरन उसे खींचकर नीचे लाई। मैं घोड़े वालों से गिड़गिड़ाई, लेकिन किसी ने मदद नहीं की।

इधर, राहुल के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की ओर बढ़ रहे थे, उन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस पर भाजपाई भड़क गए। उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। सुबह राहुल के खिलाफ जिला कांग्रेस ऑफिस, बस अड्डे समेत 20 जगहों पर 3 तरह के पोस्टर लगाए गए।

पहले में राहुल की फोटो के साथ लिखा है- आतंक का साथी राहुल गांधी। दूसरे में राहुल, पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो लगी है। इसमें लिखा है- इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी है।

## पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर खाली की चौकियां

### झंडे भी उतारे, पंजाब से लेकर गुजरात तक हाईअलर्ट से निकली हवा

श्रीनगर (एजेंसी)। पहगाम आतंकी हमले को जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को खुली छूट का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा है कि सेना जगह, समय और जवाब अपने हिसाब से चुने। पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने से पहले भारत की तरफ की जा रही मजबूत तैयारी के बीच सामने आया है कि दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमा की कुछ पोस्ट पर पाकिस्तान सैनिक पीछे हट गए हैं। पाकिस्तान की पोस्ट पर झंडे उतार लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। पाकिस्तान ने कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर तनाव बना हुआ है। अभी सीजफायर का कई बार उल्लंघन हो चुका है। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान को कड़े जवाब की मांग हो रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। लश्कर से जुड़े आतंकवादियों पर



कार्रवाई के बीच पुलिस ने कश्मीर में चेतावनी जारी की है। पुलिस ने लाउडस्पीकर और दीवारों पर संदेश लिखकर लोगों से कहा है कि वे इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन और अवामी एक्शन कमेटी से अलग होने को कहा गया। लाउडस्पीकर से घोषणाएं की गईं और पोस्टर लगाए गए। कश्मीर में 48 टूरिस्ट प्लेस को पहले ही बंद कराया जा चुका है।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को मिली जमानत

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश के हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी है। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद थे। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय दास को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस



मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बांग्लादेश पुलिस ने पिछले साल 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया था। तब वे चटगांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि डीबी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया।

## जोधपुर में नकली नोट की गैंग 500-500 की गड्डियां मिलीं

● 2 लाख में बेच रहे थे 10 लाख कीमत की फेक करेंसी, 2 आरोपी हिरासत में

जोधपुर (एजेंसी)। जोधपुर में नकली नोट छापने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपियों के पास 7.50 लाख की फेक करेंसी भी मिली है। बदमाशों ने किराए के कमरे में नोट छापने का पूरा सेटअप तैयार कर रखा था। मंगलवार रात जोधपुर पुलिस ने मंडोर कृषि उपज मंडी में कार्रवाई की। नकली नोटों के साथ नागौर के रहने वाले दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग की एक्टिवटी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। मौका देखकर मंगलवार को दबिश दी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने मंडी की एक दुकान के ऊपर ही ठिकाना बना रखा था। अंदेशा है कि वे बड़े व्यापारियों को नकली नोट खपाने का प्रयास करते थे। गैंग 2 लाख रुपए के बदले में 500-500 के 10 लाख के जाली नोट देती थी। मंगलवार को छापेमारी में आरोपियों के पास फेक करेंसी के अलावा कलर प्रिंटर, स्कैनर, कटर, पेपर के पैकेट, कंप्यूटर सिस्टम बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने यहां से 2 बदमाशों को हिरासत में लिया। डीसीपी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जोधपुर में मंडोर मंडी और



आसपास के ग्रामीण गांव-कस्बों में पांच-पांच सौ के नकली नोट चलाए जा रहे हैं। इस पर डीएसटी (ईस्ट) प्रभारी श्याम सिंह की अगुवाई में टीम को जाली नोट छापने वाले गिरोह का पता लगाने के निर्देश दिए।

## कोलकाता के होटल में लगी आग, 15 की मौत



**22 लोगों को बचाया, छत-खिड़की से कूदते नजर आए लोग**

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है।

पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8.15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम बनाई गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि होटल की चौथी मंजिल पर लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। घटनास्थल पर मौजूद एक शख्स ने बताया कि जान बचाने के लिए कई लोग होटल की छत और खिड़कियों से कूदते नजर आए। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। पीएम ने कहा, लोगों की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं। यही कामना है, घायल जल्द ठीक हों। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की सहायता राशि दी जाएगी।

## विशाखापट्टनम में बड़ा हादसा, 8 लोगों की मौत

### बारिश से नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार गिरने से हुआ हादसा, 4 घायल



विशाखापत्तनम (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मंगलवार रात श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा देर रात 2.30 से 3.00 बजे के बीच तेज बारिश के कारण हुआ। कलेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू पूरा कर लिया है। राज्य की गृह और आपदा प्रबंधन मंत्री वंगलापुड़ी अनिता भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं।

## अनमोल वचन

अपने दुख से दूसरों को दुखी करना अपने दुख को बढाना है और दूसरों के दुख से दुखी होना अपने दुख को मिटाना है। दुख का भय अथवा कहे दुख की आशंका दुख से अधिक पीड़ाकारक है। इस भय से हम कर्त्तव्य अकर्त्तव्य को ही भूल जाते हैं और दूसरों के दुख में भागीदार होने के स्थान पर हम केवल अपने दुख के बारे में ही सोचते रहते हैं। कामनाओं की पूर्ति में लगे रहना दुख है। आपूर्ति में आये व्यवधान से व्याकुल होना दुख का भोग है, जबकि उनसे विरक्त रहना सुख है। दुख स्वयं न प्रशंनीय है और न निंदनीय। यदि हम दुख को भोगते हैं तो दुख अभिशाप है। यदि हम दुख के प्रभाव से सजग हैं तो दुख वरदान भी है। हमारी सजगता हमें दुख की अनुभूतियों से मुक्त कर देगी। किसी को बुरा मत समझो, किसी को बुरा मत बोलो, किसी का बुरा मत चाहो, किसी का बुरा मत करो, क्योंकि बुराई करने वाला स्वयं दुखी रहता है और दूसरों को भी दुखी करता है। मन को निर्मल बनाये रखे, क्योंकि निर्मल मल में ही प्रभु का वास होगा और जहां प्रभु का वास होगा, वह सदा सुख का ही अनुभव करेगा। दुखों से वह दूर रहेगा। सभी के लिए वह शुभ की सोचेगा और प्रभु उसके लिए शुभ की सोचेगा।

# एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने किया चरथावल नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण, अनेक खामियां पकड़ी



**मुजफ्फरनगर।** एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने चरथावल क्षेत्र में अनेक स्थानों का धुआंधार औचक निरीक्षण किया, जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने अनेक खामियां पकड़ी और उच्च अधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंपने की बात कही है। चरथावल नगर पंचायत में भी एसडीएम सदर निकिता शर्मा के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। एसडीएम ने 15वें वित्त के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि अनेक निजी घरों के अंदर तक सरकारी पैसे से रास्ते बने हुए हैं, जिस पर उन्होंने चरथावल चेयरमैन से जवाब तलब किया। इस दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा व तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ ने चरथावल कस्बे में दर्जनों रास्तों का निरीक्षण किया। इस दौरान चरथावल नगर पंचायत के चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन व अनेक सभासद भी मौजूद रहे। इस मामले में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह को शिकायत मिली थी, जिस पर एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम सदर निकिता शर्मा को जांच सौंपी थी। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत में एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है, अनेक स्थानों पर खामियां मिली है। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी जाएगी और उसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नगर पंचायत चरथावल के औचक निरीक्षण के दौरान चेयरमैन व ईओ चरथावल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम की कार्यप्रणाली से नाराज़ नजर आई। एसडीएम सदर निकिता शर्मा के औचक निरीक्षण से चरथावल नगर पंचायत कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। अनेक निर्माण कार्यों की जांच के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारी

एसडीएम सदर को संतुष्ट नहीं कर पाए। इसके बाद एसडीएम सदर व तहसीलदार सदर ने गौशाला व गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया।



## श्री गुरु कृपा ट्रेडिंग का कैबिने मन्त्री ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**मोरना।** मोरना-भोपा मार्ग पर श्री गुरुकृपा ट्रेडिंग का उद्घाटन मन्त्री अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं के बारे मे जाना। मोरना मे भोपा मार्ग पर स्थित श्रीगुरु कृपा ट्रेडिंग के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे मन्त्री अनिल कुमार का स्वागत मेजबान चौधरी कटार सिंह, विजय कुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। वहीं मन्त्री ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे मे भी ग्रामीणों से जानकारी की तथा जनपद व क्षेत्र के विकास के अपने संकल्प को दोहराया। किसान, मजदूर व प्रत्येक को सम्मान दिलाने का कार्य करने की बात मन्त्री अनिल कुमार ने कही। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, अमित राठी, इलम सिंह गुर्जर, योगेश शर्मा, अंकित गुर्जर, अजय कृष्ण शास्त्री, पुष्पेन्द्र राठी, ओमवीर बाबा, वेदवीर सिंह, ऋषिपाल तोमर, मोनू प्रधान, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा, शहज़ाद प्रधान, आबिद प्रधान, मुमताज़ जैदी, इरम अली, मौ. समी, बहरोज अख्तर आदि मौजूद रहे।

## वक्फ कानून मुसलमानों के मजहब और पर्सनल लॉ में दखलअंदाजी: मुफ्ती अब्दुल्लाह

**मुजफ्फरनगर।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की अपील पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में 15 मिनट तक बिजली बंद कर विरोध जताया गया। विरोध का यह तरीका 'बत्ती गुल' आंदोलन के रूप में सामने आया, जिसमें लोगों ने रात 9:00 से 9:15 बजे तक अपने घरों, दुकानों और मस्जिदों की लाइटें बंद रखीं।

मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल्लाह ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ओवैसी साहब की ओर से नए वक्फ कानून के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील की गई थी। इस अपील का व्यापक असर देखने को मिला और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वेच्छा से लाइटें बंद कर अपना ऐतिजाज दर्ज कराया।



मुफ्ती अब्दुल्लाह ने आरोप लगाया कि, 'मोदी सरकार द्वारा लाया गया नया वक्फ कानून सीधे तौर पर मुसलमानों के मजहब और पर्सनल लॉ में दखलअंदाजी है। हम इसकी पुरजोर मुखालफत करते हैं और मांग करते हैं कि इसे तुरंत वापस लिया जाए।

उन्होंने कहा कि, 'हमने न सिर्फ घरों और दुकानों की लाइटें बंद कीं, बल्कि मस्जिदों की रौशनी भी बुझाकर शांतिपूर्ण विरोध जताया। हमारी अपील है कि सरकार इस कानून को वापस ले ताकि देश में आपसी सौहार्द बना रहे और किसी के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप न हो।' मुफ्ती ने यह भी कहा कि सभी अमनपसंद और धर्मनिरपेक्ष सोच वाले लोगों को इस कानून के खिलाफ खड़ा होना चाहिए ताकि देश के संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता की गरिमा बनी रहे।

## मुजफ्फरनगर में बेखौफ चोर ने घर के बाहर से उड़ाई महंगी बाइक, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट इलाके में एक बेखौफ चोर घर के बाहर खड़ी महंगी स्पोर्ट्स बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की पूरी वारदात घर के




बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित आकिब जावेद की रेड कलर की होंडा सीबीआर बाइक (नंबर DLxSCT6249) उनके घर के बाहर खड़ी थी। देर रात एक युवक मौके पर पहुंचा और मौके का फायदा उठाकर बाइक को चुराकर ले गया। चोरी की यह घटना कैमरे में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। पीड़ित ने तत्काल थाना सिविल लाइन पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और बाइक की बरामदगी की मांग की है। वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोग लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से परेशान हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं! सपा के खिलाफ बीजेपी अनुसूचित मोर्चा का हल्लाबोल




**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सागर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। अजय सागर ने समाजवादी पार्टी पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया और लखनऊ, एटा व मैनपुरी में लगाए गए विवादित पोस्टरों पर कड़ी आपत्ति जताई।

बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए समाजवादी पार्टी से माफी मांगने की मांग की। मीडिया से बातचीत में अजय सागर ने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा जारी किए गए एक पोस्टर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीरों को आधा-आधा जोड़कर दर्शाया गया है, जो अनुसूचित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की छेड़छाड़ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और सम्मान के साथ अन्याय है। अजय सागर ने चेतावनी दी कि अगर समाजवादी पार्टी के नेता इस कृत्य के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तो अनुसूचित मोर्चा सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा। बीजेपी नेताओं का कहना है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान न केवल अनुसूचित वर्ग का अपमान है, बल्कि यह देश के संविधान निर्माता के साथ भी घोर अन्याय है।

## मुज़फ्फरनगर में 'नियुक्ति के नाम पर रिश्वत, इंसाफ के लिए सड़क पर उतरे शिक्षक- डीआईओएस ऑफिस बना फरारी अड्डा!

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक आश्रितों को नियुक्ति न दिए जाने और नियुक्ति के बदले रिश्वत मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए धरना शुरू किया। शिक्षकों का कहना है कि जब से उन्होंने धरना शुरू किया है, तभी से डीआईओएस कार्यालय छोड़कर फरार हैं।



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री बाकर हुसैन ने बताया कि किसान इंटर कॉलेज, खरड़ के प्रधानाचार्य यशपाल पंवार की दो साल पहले मृत्यु हो चुकी है, लेकिन अब तक उनके आश्रितों को नियुक्ति नहीं मिली है। बाकर हुसैन ने कहा कि 'यशपाल की पुत्री को मृतक आश्रित के तहत नौकरी मिलनी चाहिए, लेकिन विभाग बार-बार नाम में त्रुटि का हवाला देकर नियुक्ति को रोक रहा है। जबकि मृतक आश्रित नियुक्ति में माता के नाम की कोई विशेष भूमिका नहीं होती, नियुक्ति पिता के नाम पर ही होती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि छ्ठ्ढ्ह्र्स कार्यालय विद्यालय की प्रबंध समिति के दबाव में कार्य कर रहा है, और जब तक मृतक आश्रित यशपाल पंवार की बेटी प्रबंध समिति की शर्तें नहीं मानती, तब तक उसे नौकरी नहीं दी जाएगी। बाकर हुसैन ने कहा, 'प्रधानाचार्य को पहले भी प्रबंध समिति द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा है। अब उनकी बेटी को भी इसी कारण नियुक्ति से वंचित किया जा रहा है।' शिक्षक संघ ने दूसरी बड़ी मांग उठाते हुए कहा कि डीएवी इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर के शिक्षक शरद त्यागी, जिनकी कैंसर से मृत्यु हो गई थी, उनके परिवार को अब तक पारिवारिक पेंशन और मृतक आश्रित का लाभ नहीं मिला है। बाकर हुसैन ने कहा कि यदि इन दोनों मामलों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करेगा और आंदोलन को उग्र रूप देगा। उन्होंने कहा कि 'हम केवल ज्ञापन देने आए थे, लेकिन डीआईओएस कार्यालय में मौजूद नहीं थे। अधिकारी समस्याएं सुनने की बजाय कार्यालय छोड़कर चले गए, जिससे हमें मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे और पूरे जिले में शिक्षा व्यवस्था को बाधित करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।


### कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर
### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री कुलदीप रावल पुत्र श्री लीलू सिंह निवासी 1806 जनता फ्लैट, मंडौली, उत्तर पूर्वी दिल्ली द्वारा ऑनलाईन मानचित्र पत्रावली सं. :-MZDA/BP/24-25-0480 के द्वारा अपनी भूमि खसरा सं.-167, खाता सं.-25, ग्राम सांझक, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल नेट क्षेत्रफल 2090.32 वर्गमी. ''सी.एन.जी.'' स्टेशन (व्यावसायिक) के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**प्रश्नगत:** स्थल का मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 45 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त 30 मीटर की हरित पट्टिका के उपरान्त 300 मीटर की गहराई तक ''हाईवे फैसिलिटी जोन'' भू-उपयोग में दर्शित है।

मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन (मैट्रिक्स) के 2.15 के अनुसार ''हरित पट्टिका के उपरान्त ''सी.एन.जी. स्टेशन (व्यावसायिक)'' की क्रिया विशेष अनुमति अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत एवं ''हाईवे फैसिलिटी जोन'' भू.उपयोग के अन्तर्गत सी.एन.जी. स्टेशन (व्यावसायिक) की क्रिया सामान्यत: अनुमति से अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.1.6(1) के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**


## वक्फ कानून पर जागरूकता अभियान चलाएगी भाजपा, अल्पसंख्यकों को बताया जाएगा संशोधन का लाभ

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वक्फ अधिनियम संशोधन को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में जागरूकता फैलाने की योजना बनाई है। पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने सोमवार को मुज़फ्फरनगर में आयोजित एक कार्यशाला में स्पष्ट किया कि वक्फ अधिनियम संशोधन को लेकर समाज में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए भाजपा अभियान चलाएगी।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया है कि वक्फ की जिस भूमि पर धार्मिक स्थल जैसे मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान या अस्पताल आदि मौजूद हैं, उन्हें किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी और न ही उसमें कोई परिवर्तन किया जाएगा।

सिसोदिया ने कहा कि 'वक्फ बोर्ड की संपत्तियां जनता के कल्याण के लिए हैं, लेकिन कुछ लोगों ने इन संपत्तियों का निजी हितों के लिए दुरुपयोग किया। नया संशोधन गरीबों और पसमांदा तबके के लोगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाया गया है।'

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार अल्पसंख्यकों, खासकर पसमांदा मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। संशोधित कानून के तहत वक्फ बोर्ड की आमदनी को पारदर्शी तरीके से आम जनता के हित में प्रयोग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा अब जनता के बीच जाकर नए वक्फ अधिनियम के प्रावधानों को समझाएगी और बताएगी कि यह कानून कैसे अल्पसंख्यक समाज, खासकर गरीबों के हित में है।

उन्होंने विश्वास जताया कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं के बावजूद संसद से पारित कानून को चुनौती नहीं मिल पाएगी और अदालत भी इसे उचित मानेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहती और संशोधित कानून पूरी तरह से अल्पसंख्यकों के हित में है।

## मुजफ्फरनगर के नए जिला जज बने संतोष राय, अजय कुमार का हापुड़ ट्रांसफर



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश की न्यायिक सेवा में बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए गए हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर के जिला जज अजय कुमार का तबादला हापुड़ कर दिया गया है। उनकी जगह अब संतोष राय को मुजफ्फरनगर का नया जिला जज नियुक्त किया गया है, जो प्रयागराज से आए हैं। इसके अलावा मयंक चौहान जिला जज गौतमबुद्धनगर, दुर्गा नारायण सिंह जिला जज भदौही, डा. विदुशी सिंह जिला जज महोबा, संजय कुमार जिला जज बिजनौर, कमलेश कुच्छले जिला जज झांसी, पीएन मिश्रा जिला जज मुरादाबाद, भानु देव शर्मा जिला जज रामपुरी व सत्यप्रकाश त्रिपाठी जिला जज प्रताप गढ बनाये गये हैं।

## अमित विहार कूकड़ा से लापता मंदबुद्धि बालक सूरज का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा

**मुजफ्फरनगर।** थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अमित विहार कूकड़ा, राकेश कूलर फैक्ट्री के सामने निवासी सरोज कुमार व उनकी पत्नी बबली ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनका 12 साल का बेटा सूरज विगत 28 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे कूकड़ा ब्लाक से लापता हो गया था, जो मानसिक रूप से भी ठीक नहीं है।


### कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर
### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री हेमन्त कुमार, पुत्र श्री कृष्ण दत्त, निवासी-41/68, सिविल लाईन उत्तरी, तहसील व जनपद-मुजफ्फरनगर उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/24-25-0472 के द्वारा अपनी भूमि खसरा सं.-902, मौहल्ला-उत्तरी सिविल लाईन, रेलवे रोड, जनपद-मुजफ्फरनगर के कुल नेट क्षेत्रफल 403.69 वर्गमी. ''नर्सिंग होम'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत: स्थल का मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) में भू-उपयोग 15 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त 15 मीटर की गहराई तक बाजार स्ट्रीट के उपरान्त ''निर्मित क्षेत्र'' भू-उपयोग में दर्शित है।

मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन (मैट्रिक्स) के 5.20 के अनुसार ''निर्मित क्षेत्र'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''नर्सिंग होम'' की क्रिया सशर्त अनुमन्य उपयोग (न्यूनतम 12 मीटर चौडे मार्ग पर अधिकतम 20 शैय्याओं तक) के अन्तर्गत अनुमन्य है। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.1.6(1) के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**


## बाईक सवार दम्पत्ति कृष्णा नदी में गिरे, पत्नी गम्भीर घायल

**शामली।** शामली क्षेत्र के गांव टिटौली से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा युवक काबडौत पुल पर बाईक से नियंत्रण खो बैठा, जिससे पीछे बैठी पत्नी बच्चे सहित कृष्णा नदी में जाकर गिर गई। महिला की रीढ की हडडी में गंभीर चोट आने से उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुढाना थाना क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी दीपक अपनी पत्नी बबीता व एक बच्चे के साथ गांव टिटौली में शादी समारोह में शामिल होकर बाईक से वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के काबडौत पुल के निकट पहुंचा तो तभी पुल पर मोड अधिक होने के कारण तेज रफ्तार बाईक पर नियंत्रण नहीं कर पाया और पीछे बैठी पत्नी व बच्चा उछलकर कृष्णा नदी में जा गिरे। महिला के कृष्णा नदी में गिरकर उसकी रीढ की हडडी में गंभीर चोट आई है, जबकि बच्चे को मामूली चोट आई है। महिला को ग्रामीणों की मदद से कृष्णा नदी से बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**

**सम्पादक:**
◆**अनिल रॉयल**

✆:(0131) 2412222,
मो. 9412211222
**e-mail Address :**
royalbulletin@gmail.com



● नशा छुड़ाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं

**खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।**




**शराब छुड़ाएं**

शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
जर्दा, तम्बाकू, स्मैक, अफीम डोडे (पोस्त), नौरफीन, मौरफीन, प्रोक्सीवान, कौरेक्स, फैंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धुम्रपाल से पक्का छुटकारा



**अनचाहे बाल**
पहले थे समस्या और अब
**समाधान**






मिले: हर रोज

**शंकर दवाखाना**

(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड) नक्कालों से सावधान
गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर। ☎0131-2432326, 9719442124








# चरथावल में कच्ची ईंटों की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत, हंगामा

## विधायक पंकज मलिक समेत अनेक नेताओं ने मौके पर पहुंचकर दिलाया मृतक आश्रितों को मुआवजा







**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर मार्ग पर सिंगलपुर मोड के सामने स्थित एक ईंट भट्टे पर दीवार गिरने से चार मजदूर दब गए। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची एसडीएम सदर ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। बाद में विधायक पंकज मलिक भी मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख और घायलों को एक-एक लाख का चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के गांव मुथरा निवासी 22 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र रामनिवास, 35 वर्षीय ईश्वर पुत्र धर्मवीर और किरणपाल तथा पिंकू निवासीगण ग्राम मुथरा, थाना चरथावल कुछ अन्य मजदूरों के साथ चरथावल-मुजफ्फरनगर मार्ग पर सिंगलपुर मोड के सामने स्थित एक ईंट भट्टे पर भराई करने के लिए गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ईंटों की कच्ची दीवार गिर गई। दीवार गिरने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और अन्य मजदूरों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों ने ईंटों के नीचे दबे मजदूरों को बामुश्किल बाहर निकाला, लेकिन तब तक रोहित कुमार और ईश्वर की मौत हो चुकी थी, जबकि पिंकू और किरण पाल गंभीर घायल हो गए। मामले की जानकारी पाकर चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी जब मृतकों के परिजनों को मिली तो उनमें बुरी तरह से कोहराम मच गया। इस हादसे के बाद मृतकों एवं घायलों के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर मौके पर पहुंची एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने मृतक एवं घायलों के परिजनों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें आर्थिक सहायता दिलाई जायेगी, लेकिन परिजन तुरंत सहायता राशि की मांग पर अडे रहे। बाद में क्षेत्रीय विधायक पंकज मलिक मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीएम सदर से पूरे मामले की जानकारी ली। बाद में सहमति बनी कि मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख और घायलों के परिजनों को एक-एक लाख रूपये का मुआवजा दिया जाये, जिस पर जिला प्रशासन की ओर से विधायक पंकज मलिक ने मौके पर ही सहायता राशि के चैक वितरित किये। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है।

## दोस्तों से परेशान युवक ने की आत्महत्या, जान देने से पहले बनाया वीडियो



**मुजफ्फरनगर।** मदीना कॉलोनी में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक अनस का शव शेरपुर के जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। अनस ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकार्ड किया, जिसमें उसने अपने साथ हुए मानसिक और सामाजिक शोषण का जिक्र किया है। उसने बताया कि कुछ दिन पहले उसका रिश्ता तय हुआ था, लेकिन कुछ लोगों की वजह से रिश्ता टूट गया, जिस कारण वह आत्महत्या कर रहा है। जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदीना कालोनी निवासी अनस पुत्र मेराजुद्दीन का शव आज दोपहर के समय शेरपुर के जंगल में एक पेड से लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी तुरंत ही सिविल लाईन थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके पर एक मोबाइल फोन भी मिला, जिसमें आत्महत्या से पहले अनस ने वीडियो रिकार्ड किया था। वीडियो में अनस ने कुछ लोगों पर आरोप लगाते कहा कि मुझे इन लोगों ने झूठे मामले में बदनाम किया था। एक पंचायत में उसे जबरन खडा कर अपमानित किया गया और पंचायत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया, उसने कहा कि इस घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। इस दौरान उसका एक लडकी से रिश्ता भी तय हुआ था, लेकिन इन लोगों की वजह से वह रिश्ता भी टूट गया, जिस कारण वह आत्महत्या करने के लिये मजबूर हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। मृतक अनस के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है।

# डीआईजी व डीएम ने परखी जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था

### अधिकारियो ने सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के साथ बेहतर सुविधाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए




**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा तथा डीआईजी अभिषेक सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल की तलाशी में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। डीएम ने जेल अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के साथ बेहतर सुविधाओं को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। दोपहर अधिकारी करीब एक घंटा तक अंदर रहे। इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी मौजूद रहे। जेल पहुंचे डीएम व डीआईजी ने पुलिस बल के मदद से पुरुष और महिला वार्डों की तलाशी ली। वहीं कारागार परिसर के अस्पताल की व्यवस्था का भी जायजा लिए। इस दौरान जेल के अंदर सभी वार्डों की तलाशी ली गई। सुरक्षा को लेकर भी व्यवस्था की जांच की गई। जेल में मुलाकातियों की व्यवस्था को लेकर भी पड़ताल की गई। बंदियों की क्षमता के बारे में भी जानकारी ली गई। वहीं निरीक्षण के दौरान प्रत्येक वार्डों की गहन तलाशी ली गई। मेडिकल वार्ड में बंदियों के उपचार को लेकर जेल प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में अधिकारियों ने जानकारी ली। डीएम व डीआईजी ने जेल में साफ सफाई की व्यवस्था को देखे और साफ-सफाई बेहतर रखने का निर्देश दिए। जेल से संबंधित रजिस्टर की भी जांच की गई। वहीं स्टाक रजिस्टर की भी जांच की गई। डीएम ने बताया कि जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, विधि व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित जांच की गई। पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। अधिकारियों द्वारा पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि कि सुरक्षा कारणों से भी जेल की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है। सुरक्षा को लेकर जो भी कारगर उपाय हैं वो किए जाएंगे। वहीं अचानक हुए निरीक्षण को लेकर जेल प्रशासन में हडकंप मचा हुआ था। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर में बाइक पर सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब बारह बजे शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी करीब ४० वर्षीय सोनू पुत्र नाहर सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर मुबारिकपुर शाहपुर मार्ग से अपने घर जा रहा था, जब वह मंसूरपुर व शाहपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर पहुंचा, तो एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।बाइक पर सवार सोनू हेलमेट नहीं पहने हुए था। इस कारण जबरदस्त भिड़ंत होने से सोनू का सर सड़क में जा लगा, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर वहां से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर दोनों क्षेत्रों की थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में मंसूरपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी की जमानत पर नहीं हुई सुनवाई

## सेशन जज जमानत याचिका पर तीन मई 2025 को करेगे सुनवाई



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक शाहनवाज राणा से जिला कारागार में बरामद मोबाइल मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए उनके समधी बिजनौर के पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी की बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब तीन मई को जमानत पर सुनवाई की तिथि कोर्ट ने नियत की है। मुजफ्फरनगर के पूर्व विधायक शाहनवाज राणा पांच दिसंबर से जिला कारागार में बंद है। जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता ने एक टीम के साथ वहलना चौक स्थित राणा स्टील पर छापा मारा था, वहां शाहनवाज राणा की श्रेया गुप्ता से तीखी बहस हुई थी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में उसी दिन शाहनवाज राणा को गिरफ्तार कर लिया गया था। शाहनवाज राणा पर उसके बाद से गैंगस्टर समेत कई नए मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, जिनके चलते अभी वे जेल से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। इसी बीच जेल में उनकी बैरक से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ था, जेलर राजेश सिंह ने जब वह मोबाइल बरामद किया, तो दोनों में तीखी झड़प हो गई, इसके बाद जेलर राजेश सिंह ने शाहनवाज राणा के खिलाफ थाना नई मंडी में जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करा दिया था, जिसके बाद शाहनवाज राणा को मुजफ्फरनगर की जेल से चित्रकूट की जेल स्थानांतरित कर दिया गया था, शाहनवाज राणा वर्तमान में चित्रकूट की जेल में ही बंद है। इसी बीच शाहनवाज राणा के वकील नकली त्यागी ने आरोप लगाया था कि जेल में शाहनवाज की जमकर पिटाई की गई है, जिसके अदालत से आदेश भी हुए, लेकिन जेल से बाहर पूरी जांच नहीं हो पाई है।

जेल में शाहनवाज राणा से बरामद मोबाइल का सिम उनके समधी बिजनौर से बसपा के पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी के जरिए उन तक पहुंचना बताया गया था, जिसके बाद पुलिस ने गाजी को पूछताछ के लिए बुलाया और हिरासत में ले लिया और जेल भेज दिया। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया किकोर्ट में न्यायाधीश की नियुक्ति न होने के कारण जमानत पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी।

जमानत पर सुनवाई के लिए तीन मई की तिथि नियत की गई है। इसी बीच जिला जेल में मिले मोबाइल का सिम, जेल में जाने से पहले शाहनवाज राणा के परिजनों द्वारा भी प्रयोग किया गया था, जिसके चलते पुलिस ने शाहनवाज राणा की पत्नी इंतख़ाब राणा समेत उनके बेटे प्रिंस राणा और पुत्रवधू, जो मोहम्मद गाजी की बेटी है, आदि को नोटिस जारी कर दिया है लेकिन वे सभी फरार है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। फिलहाल शाहनवाज राणा को कोई कानूनी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।





## अक्षय तृतीया पर लक्ष्मण बिहार में गन्ने का रस वितरित किया

**मुजफ्फरनगर।** परमपूज्य आचार्य ज्ञान सागर महाराज की प्रेरणा से संचालित अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, मुज़फ्फरनगर यूनिट के द्वारा भगवान् श्रीआदिनाथजी के प्रथम पारणा दिवस अक्षय तृतीया के उपलक्ष में ईक्षुरस गन्ने के रस का वितरण आज लक्ष्मण विहार स्थित ट्यूबवेल, मेंन् रोड पर विनोद मित्तल मित्तल मशीनरी स्टोर,के अतिथ्य मे उनके द्वारा उद्घाटन कर किया गया, जिसमे लगभग १००० व्यक्तियों को रस वितरण मे जैन बैंकर्स फोरम के संरक्षक राजीव जैन, केनरा बैंक अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, सचिव वाई.के.जैन व उनके परिवारजन श्रीमती कुसुमजैन, दिशा जैन, कु. यस्वी जैन, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन, श्रीमती निशा जैन, हर्ष जैन, जे.एल. जैन, राजेंद्र जैन, अतिशय जैन, अनुज जैन एवं जैन मिलन मुज़फ्फरनगर से वीर अदीश जैन अध्यक्ष, राकेश जैन- प्रथमा बैंक सचिव, प्रमोद जैन, सचिन जैन, अधीर जैन, श्रीमती मनोरमा जैन, कुसुम जैन, कु. पाखी जैन व महिला जैन मिलन मुज़फ्फरनगर से श्रीमती नीलम जैन अध्यक्ष, प्रतिभा जैन सचिव सदस्यगण श्रीमती रेखा जैन, शेवता जैन ने सपरिवार सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती ममता बलियान सभासद, सतीश बलियान, श्रीकृष्ण अग्रवाल, श्रीमती आशा जैन, पवन जैन व लक्ष्मण विहार निवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## जिला सहकारी बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती तथा पुनरीक्षित वेतनमान सभी बैंको लागू करने की मांग, बैंक मुख्यालय पर धरना




**मुजफ्फरनगर।** को-आपरेटिव बैंक्स स्टाफ एसोसियेशन उप्र, केन्द्रीय कार्यालय लखनऊ के आह्वान पर जिला सहकारी बैंक लि., मुजफ्फरनगर यूनिट के सदस्यों द्वारा मॉगों के समर्थन में कोर्ट रोड स्थित बैंक मुख्यालय धरना दिया गया। सहकारी बैंको मे रिक्त पडे पदों पर भर्ती की जाए। वेतन पुनरीक्षण परिपत्र सभी जिला सहकारी बैंको मे लागू किया जाए। सर्वप्रथम यू.पी. बैंक इम्प्लयाज यूनियन, मुजफ्फरनगर के मन्त्री आरपी शर्मा ने धरने पर बैठने वाले कर्मचारियो का माल्यर्पण कर शुभकामना देते हुए धरने पर बैठाया। यूपीबीइयू के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक कुमार शर्मा, राजीव जैन तथा रविन्द्र सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। धरन में युनिट मंत्री अशोक कुमार शर्मा, यशवीर सिंह, संदीप श्रीवास्तव, राकेश कुमार, राजीव तोमर, विकास आर्य, जितेन्द्र जैन, अशोक कुमार, कुशलपाल सिंह, अमीर अहमद अंसारी तथा नकुल कुमार ने भाग लिया। संगठन के बैंक मुख्यालय तैनात सभी कर्मचारियो द्वारा धरनारत साथियों के साथ बैठकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा मांगो के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। उप्र बैंक इम्प्लाइज यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों अशोक कुमार शर्मा तथा आरपी शर्मा तथा सीबीएसए मुजफ्फरनगर यूनिट के मंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व मे जोरदार नारेबाजी के साथ शाम 5 बजे धरना समाप्त किया गया।

## शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

### उन्नत स्तर की रियल टाइम समस्याओं पर आधारित समाधान तैयार करने की दी जानकारियां



**मुजफ्फरनगर।** अर्डुइनो प्रोग्रामिंग एवं सेंसर-एक्चुएटर इंटरफेसिंग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के तृतीय दिन डीएवी इंटर कॉलेज में शिक्षकों को उन्नत स्तर की रियल टाइम समस्याओं पर आधारित समाधान तैयार करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन समापन अवसर पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत कुमार गुप्ता द्वारा शिक्षकों को अर्डुइनो, सेंसर व एक्चुएटर्स की सहायता से जटिल परियोजनाओं पर कार्य करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक व तकनीकी समस्याओं जैसे स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम, ऑटोमेटेड एनवायरनमेंट मॉनिटरिंग, ऊर्जा दक्षता समाधान आदि पर आधारित प्रोजेक्ट्स तैयार करवाए गए। शिक्षकों ने पूरे उत्साह व जिज्ञासा के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाने में सहायक रही, बल्कि उन्हें नवाचार-आधारित शिक्षण की दिशा में प्रेरित करने में भी सफल रही। प्रशिक्षण के अंत में शिक्षकों द्वारा कार्यशाला की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षण की समाप्ति पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक के रूप में सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति २०२० के प्रावधानों के अनुसार ही यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को तकनीकी कौशल में दक्ष करना है। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ सन्दीप कौशिक, डी.ए.वी. इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे।

# प्रयत्न के बैनर तले निकला कैंडल मार्च

## राकेश टिकैत व राव वारिस सहित शहर के जिम्मेदार लोगो की मौजूदगी दर्ज हुई



**मुजफ्फरनगर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकी हमले मे हुई पर्यटकों की हत्या के विरोध में प्रयत्न संस्था के बैनर तले जिले के सामाजिक, राजनीतिक लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत व पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने कहा कि इस आतंकी हमले का ऐसा बदला लिया जाए, जो नज़ीर बने। ऐसी घटनाओ की पुनरावृति रोकने को यह जरुरी है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर फायरिंग करते हुए 26 लोगों की जान ले ली थी। आतंकवादियों द्वारा की गई साथ दुस्साहसिक घटना से पूरे देश में रोष व्याप्त है। इसी सिलसिले में देश के अलग-अलग हिस्सों में कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी कड़ी मे प्रयत्न संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकेश अरोरा एवं महासचिव असद फारूकी ने मुजफ्फरनगर के राजनीतिक सामाजिक तथा अन्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ शहर के अंबा बिहार के पार्क में एकत्र होकर पहले पहलगाम घटना की कड़े शब्दों में निंदा की, उसके बाद सभी लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम की घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भारतीय सेना कमजोर नहीं है और इस तरह की घटनाओ का जवाब देने का पूरा साहस रखती है। रालोद नेता व पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने कहा की सारा आवाम भारत सरकार के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ उठाये जा रहे हर कठोर कदम में एक स्वर से साथ है। श्रद्धांजलि सभा में मनीष चौधरी, विकास बालियान, आसिफ राही, शाहिद आलम सभासद, अमीर आजम खान एडवोकेट, मनेश गुप्ता, पंकज जैन गांधी टेंट हाउस, अन्नू सभासद, इस्लाम एडवोकेट डॉक्टर शमीम उल हसन, कलीम त्यागी, गौहर सिद्दीकी , तनवीर अहमद, नायाब सीए, विवेक अरोरा होम्योपैथिक ,ईशान अग्रवाल आदि मौजूद रहे। प्रयत्न संस्था चेयरमैन समर्थ प्रकाश ने भारत में उपलब्ध न होने के कारण विदेश से ही अपनी श्रद्धांजलि शहीदों को अर्पित की।

## संपादकीय

# सख्त फैसले लेते सरकार

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देश भर में आक्रोश के साथ अश्रु धारा है। पूरा देश सरकार के साथ है। इस दफा सरकार आतंकियों की पनाहगाह को मिट्टी मिलाने के लिए संकल्पित है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कहा है कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हाईलेविल मीटिंग और सर्वदलीय बैठक के बाद ठोस निर्णय सरकार ले चुकी है। विश्व के तमाम देश भारत के साथ हैं और देशवासी भी सख्त बदले के लिए जुनून से भरे हुए है। सेना ने आतंकी आसिफ शेख के दक्षिण कश्मीर के मंगनहामा तराल स्थित घर पर सुरक्षाबलों ने दबिश दी। वहां उन्हें बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखा मिला। इसके बाद वे बम निरोधक दस्ते को सूचना देने बाहर निकले कि तभी धमाका हो गया। इस घटना में सुरक्षाबल बाल-बाल बच गए। इधर आतंकी हमले के बाद बीएसएफ और सेना ने सीमा पर सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इस बीच एलओसी के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की है, बदले में भारतीय सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना पाकिस्तानी सैनिकों की हर हरकत पर नजर रखे हुए है। दूसरे मोर्चे पर आतंकी हमले के बाद सेना कश्मीर में अलग-अलग इलाकों में सर्चिंग कर रही है, इसी दौरान बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। इसमें दो जवानों के घायल होने की सूचना भी है। सुरक्षाबलों का यहां पर आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आरएसएस सहित कई संगठन देशभर में प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के जतंर-मंतर पर संत भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। इधर दिल्ली में आज 700 से ज्यादा बाजार बंद रहेंगे। पहलगाम में धर्म के आधार पर की गई हत्याओं के खिलाफ पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन के क्रम में दानवी डॉ. हरि सिंह गौर की नगरी सागर में भी लोगों ने स्वेच्छा से बंद रखा और दिवंगतों को अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। दैनिक सागर दिनकर समाचार पत्र भी सभी जान गंवाने वाले देशवासियों को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए सरकार के मिशन में साथ है।

**5 सितंबर, 1972 की बात है, जब जर्मनी में म्यूनिख ओलंपिक गेम्स चल रहे थे। इजरायल के एथलीट म्युनिख ओलंपिक गांव में अपने फ्लैट्स में सो रहे थे, जब पूरा अपार्टमेंट मशीनगनों की तड़तड़ाती गोलियों से गूंज उठा। ये हमला उस वक्त फिलिस्तीन के खूंखार आतंकी संगठन ''ब्लैक सितंबर'' के 8 लड़ाकों ने किया जो खिलाड़ियों की ड्रेस पहने अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। इस हमले में 11 इजरायली खिलाड़ी और 1 जर्मन पुलिसकर्मी को जान गंवानी पड़ी। बदले में तब इजरायल ने दो दिन बाद ही सीरिया और लेबनान में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन यानी पीएलओ के 10 ठिकानों पर बमबारी करके तबाह कर दिया।**

# क्या भारत अब 'मोसाद' की तरह आतंकियों का खात्मा करेगा!

**रामस्वरूप रावतसरे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बिहार में एक जनसभा में कहा-पहलगाम हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है. देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। मोदी के कल्पना से परे सजा का मतलब क्या है? आखिर क्या कहना चाह रहे हैं पीएम, उनका इस मामले में इरादा क्या है?

इस संबंध में डिफेंस एक्सपर्ट मेजर जनरल (रि.) पीके सहगल का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार, भारतीय सेना क्या करेंगी, इस बारे में ज्यादा खुलासा नही किया जा सकता है क्योंकि इससे पाकिस्तान सतर्क हो सकता है और पाकिस्तानी आतंकी कुछ और तरीका भी अपना सकते हैं। सहगल ने कहा कि संभव है कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद की तर्ज पर भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ भी पाकिस्तानी आतंकियों को चुन-चुनकर मारे। डिफेंस एक्सपर्ट पीके सहगल के अनुसार मोसाद ने इजरायल के दुश्मनों को मारने के लिए करीब दो दशक तक ''रैथ ऑफ गॉड'' यानी ईश्वर का कहर नाम का खौफनाक ऑपरेशन चलाया जिसने म्यूनिख ओलंपिक में इजरायली खिलाड़ियों को मार डाला था।

5 सितंबर, 1972 की बात है, जब जर्मनी में म्यूनिख ओलंपिक गेम्स चल रहे थे। इजरायल के एथलीट म्युनिख ओलंपिक गांव में अपने फ्लैट्स में सो रहे थे, जब पूरा अपार्टमेंट मशीनगनों की तड़तड़ाती गोलियों से गूंज उठा। ये हमला उस वक्त फिलिस्तीन के खूंखार आतंकी संगठन ''ब्लैक सितंबर'' के 8 लड़ाकों ने किया जो खिलाड़ियों की ड्रेस पहने अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। इस हमले में 11 इजरायली खिलाड़ी और 1 जर्मन पुलिसकर्मी को जान गंवानी पड़ी। बदले में तब इजरायल ने दो दिन बाद ही सीरिया और लेबनान में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन यानी पीएलओ के 10 ठिकानों पर बमबारी करके तबाह कर दिया।

इस घटना के बाद इजरायल ने म्यूनिख में मारे गए अपने खिलाड़ियों की मौत का बदला लेने के लिए अपनी खूंखार सीक्रेट एजेंसी मोसाद को इस काम में लगाया जिसने उन्हें 20 साल में खोज-खोजकर मार डाला। बदले की पहली शुरुआत मोसाद ने 16 अक्टूबर, 1972 को तब कर दी जब इजरायली एजेंटों ने पीएलओ इटली के






प्रतिनिधि अब्दल-वैल जावैतार को रोम में उसके घर में घुस कर गोलियां मारीं। 9 अप्रैल, 1973 को मोसाद ने बेरूत में एक संयुक्त अभियान शुरू किया जिसमें इजरायली कमांडो मिसाइल बोट और गश्ती नौकाओं से लेबनान के एक खाली समुद्री तट पर रात को पहुंचे। अगले दिन दोपहर तक ब्लैक सेप्टेम्बर चलाने वाली फतह के सीक्रेट चीफ मोहम्मद यूसुफ या अबू यूसुफ, कमल अदवान और पीएलओ प्रवक्ता कमल नासिर की उनके घरों में हत्या हो चुकी थी। इसके बाद मोसाद ने कई और दुश्मनों को खोजकर मारा। मोसाद ने म्यूनिख के मास्टरमाइंड रेड प्रिंस के नाम से मशहूर अली हसन सलामे का पता मोसाद ने खोज ही निकाला। वह बेरूत में ही रह रहा था। एरिका मैरी चैम्बर्स नाम की मोसाद एजेंट ब्रिटिश पासपोर्ट पर लेबनान पहुंची। एरिका ने उसी गली में किराये पर कमरा लिया जिससे होकर सलामे आता-जाता था। कुछ वक?त में मोसाद के दो और एजेंट्स बेरूत पहुंच गए। गली में एक कार खड़ी कर दी गई। कार में विस्फोटक सामग्री भरी थी। कार को ऐसी जगह पर खड़ा किया गया था कि कमरे से दिख सके। 22 जनवरी, 1979 को जब सलामे और उसके बॉडीगार्ड्स कार में गली के भीतर दाखिल हुए तो विस?फोटकों वाली गाड़ी को मोसाद ने रेडियो डिवाइस से उड़ा दिया। आखि?कार मोसाद ने म?यूनिख के मास?टरमाइंड को ठिकाने लगा ही दिया।

डिफेंस एक्सपर्ट मेजर जनरल (रि.) पीके सहगल के अनुसार सरकार आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करेगी कि वो याद रखेंगे। वो दुनिया में कहीं भी छिप जाएं, उन्हें हमारी सरकार नहीं छोड़ेगी। आतंकियों और उनके आका हाफिज सईद या कोई और, वो जहां भी बैठे हैं, उनका पता लगाया जाएगा और उनका खात्मा किया जाएगा। यह ठीक उसी तर्ज पर होगा, जैसा म्यूनिख ओलंपिक में मारे गए अपने खिलाड़ियों का बदला इजरायल ने लिया था। प्रधानमंत्री का आतंकियों के खिलाफ संदेश तो यही है। सहगल की माने तो भारत कतई सीधे युद्ध में नहीं जाएगा और न ही जाना चाहेगा। वह कई और विकल्पों पर विचार कर सकता है। जैसे वह अपने मित्र देशों की मदद ले सकता है। रॉ के ऑपरेशंस तो हैं ही। पीएम मोदी ने जो यह कहा कि आतंकियों को ऐसी सजा मिलेगी जो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके मायने यही हैं कि अब आतंकियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्हें और उनके आकाओं को अंतिम अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

डिफेंस एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रि.) जेएस सोढ़ी भी यही कहते है कि भारत के पास एयरस्ट्राइक का भी विकल्प है। वह पाक के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के कैंपों को तबाह कर सकता है। साथ ही वह आतंकियों को शह देने वालों को भी निशाना बना सकता है। इस मामले में भारत ने कई विकल्प खोलकर रखे हुए हैं।

जेएस सोढ़ी के अनुसार 10 जनवरी, 1966 को ताशकंद समझौता हुआ। इस समझौते का एक प्रावधान यह था कि भारत और पाकिस्तान की सेनाओं को 5 अगस्त, 1965 से पहले की स्थिति में लौटना होगा। इस यथास्थिति में बहादुरी से जीते गए हाजी पीर दर्रे को वापस करना भी शामिल था। उस वक्त भारत ने पाकिस्तानी क्षेत्र के 1,920 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया था जिसमें मुख्य रूप से सियालकोट, लाहौर और कश्मीर क्षेत्रों की उपजाऊ भूमि शामिल थी। इसी में रणनीतिक हाजी पीर दर्रा भी शामिल था लेकिन इस जीते हुए भू भाग को वापिस कर दिया गया। बाद में 2002 में एक इंटरव्यू में खुद ले. जनरल दयाल ने कहा था कि यह दर्रा भारत को एक रणनीतिक फायदा देता...इसे वापस सौंपना एक बहुत बड़ी गलती थी। सोढ़ी ने बताया कि भारत की यह गलती एक बड़ी रणनीतिक चूक थी। अब मौजूदा हालात में शिमला समझौता तोड़ने के बाद पाकिस्तान ताशकंद समझौता भी तोड़ सकता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कुछ कहा है उसे पूरा करने के लिए निश्चित ही सभी विकल्पों पर मंथन किया होगा। देश भी यही चाहता है कि अब बहुत हुआ, अब आगे नहीं।

# चिकित्सा का भविष्य : स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी में नए युग के करियर की खोज

**विजय गर्ग**

प्रौद्योगिकी भारत में स्वास्थ्य सेवा को फिर से आकार दे रही है, जो चिकित्सा, डेटा और नवाचार के चौराहे पर करियर में रुचि रखने वालों के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। एआई विशेषज्ञों से लेकर नैदानिक विश्लेषकों तक, भूमिकाओं की एक नई लहर उभर रही है।

नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान और तकनीक में नई भूमिकाएं उभर रही हैं स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ डेटा टूल के साथ देखभाल का अनुकूलन करते हैं प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का अभिसरण

**नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान और तकनीक में नई भूमिकाएं उभर रही हैं स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ डेटा टूल के साथ देखभाल का अनुकूलन करते हैं प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का अभिसरण प्रभावित कर रहा है कि भारत में दवा कैसे वितरित की जाती है।**

प्रभावित कर रहा है कि भारत में दवा कैसे वितरित की जाती है। हेल्थकेयर एक प्रमुख परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में रुचि रखने वाले छात्रों और पेशेवरों के लिए विविध कैरियर के अवसरों को खोल रहा है।

जैसे ही हेल्थकेयर सिस्टम विकसित होता है, नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान, डेटा प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के चौराहे पर नई भूमिकाएं उभरती हैं, जो पारंपरिक चिकित्सा व्यवसायों से परे विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करती हैं।

1. स्वास्थ्य सूचना विशेषज्ञ स्वास्थ्य सूचना विज्ञान को विज्ञान के अनुप्रयोग और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके स्वास्थ्य जानकारी से संबंधित डेटा मूल्यांकन और प्रबंधन की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ देखभाल प्रभावशीलता को अनुकूलित करने के लिए श्व॥त्रह्य, रोगी सूचना भंडार और विश्लेषिकी प्लेटफार्मों के साथ काम करते हैं। अस्पतालों, बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप को सेवाओं को एकीकृत करने और स्वास्थ्य डेटा की समझ बनाने में मदद करने के लिए स्वास्थ्य सूचना विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है।

आवश्यक पृष्ठभूमिः स्वास्थ्य सूचना विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान या सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिग्री। यदि कोई डिग्री बाद के दो क्षेत्रों में है, तो चिकित्सा शर्तों और डेटा सिस्टम की अच्छी समझ सहायक है।

2. बायोमेडिकल इंजीनियर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग मुख्य रूप से चिकित्सा उपकरणों के डिजाइन, निर्माण और रखरखाव से संबंधित है, और भारत में बायोमेडिकल इंजीनियर उच्च मांग में हैं क्योंकि कम लागत, स्थानीय रूप से निर्मित चिकित्सा उपकरणों की मांग प्रोस्थेटिक्स, नैदानिक उपकरणों और पूरक उपकरणों में नवाचार के साथ बढ़ती है जो मानव डिजिटल स्वास्थ्य का पता लगाते हैं।

आवश्यक पृष्ठभूमि : बी। टेक या एम। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में टेक या कुछ जीव विज्ञान और कुछ इंजीनियरिंग एक्सपोजर के साथ एक प्रासंगिक क्षेत्र।

3: नैदानिक डेटा विश्लेषण हेल्थकेयर के डिजिटल परिवर्तन ने बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य डेटा का उत्पादन किया है। नैदानिक डेटा विश्लेषक संगठनों को रोगियों के लिए उपचार में सुधार करने और रोगी के अनुभव को बढ़ाने के लिए वर्कफ्लो दक्षता के लिए डेटा की समझ बनाने में मदद करते हैं। वे रुझानों का विश्लेषण करते हैं, उपचार प्रदर्शन का आकलन करते हैं, और नैदानिक परीक्षणों का समर्थन करते हैं।

आवश्यक पृष्ठभूमि : सांख्यिकी, डेटा विज्ञान, या जीवन विज्ञान में स्नातक और एसएएस, आर, या पायथन जैसे विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अनुभव।

4: डिजिटल स्वास्थ्य श्वहत्रऋक्काश्च-ह्श्वऋ॥ढ्ढक कई पेशेवर अपने करियर को आगे बढ़ा रहे हैं और फिटनेस अनुप्रयोगों, मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफार्मों या दूरस्थ निगरानी के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करके उद्यमशीलता की यात्रा शुरू कर रहे हैं। भारत एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में प्रगति कर रहा है जो राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन जैसी सरकारी नीतियों के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य

# पाकिस्तान की पीठ पर चीन का हाथ

**दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं, तो इसका एक बड़ा कारण कुछ देशों की आतंकवाद के प्रति दोहरी नीति है। इन देशों के द्वारा वैश्विक मंचों से तो आतंकवाद के प्रति निंदा की जाती है, मगर बात आतंकवाद पर कार्रवाई करने और अंकुश लगाने की आती है, तो ये देश आतंकी देशों का समर्थन करने से परहेज नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि आज पूरी दुनिया में आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है और इसका खामियाजा भारत जैसे देशों को चुकाना पड़ रहा है।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

जम्मू कश्मीर के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों को जान गंवानी पड़ी। बीते कुछ वर्षों से जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। 2015 के 1.3 करोड़ से बढ़कर 2023 में वहां जाने वाले पर्यटकों की तादाद 2.1 करोड़ तक पहुंच गई थी। देश में यह भावना प्रबल हो चली थी कि कश्मीर में हालात सामान्य हो चुके हैं और अब घाटी में जाना सुरक्षित है। ऐसे में आतंकियों ने न केवल क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को चोट पहुंचाई है बल्कि सामान्य होते हालात को भी एक बार फिर अस्तव्यस्त कर दिया है। यह इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है और सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि न्यूनतम क्षति हो। सरकार के लिए दूसरी बड़ी चुनौती है हमले की समुचित जांच करना और इसके जिम्मेदारों को तलाश करना। इसके लिए भी इस क्षेत्र में खुफिया और सुरक्षा तंत्र की कमियों को दूर करना होगा। एक तरह से देखें तो यह दशकों पुरानी समस्या है। उदाहरण के लिए पिछले साल ही आतंकियों ने कई हमले किए। उन्होंने एक पर्यटक जोड़े पर गोलीबारी की, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोगों की जान चली गई क्योंकि बस खाई में गिर गई थी। एक सुरंग निर्माण स्थल के करीब उन्होंने गोलीबारी करके छह प्रवासी श्रमिकों और एक चिकित्सक की हत्या कर दी थी। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि आतंकियों ने अपने पारंपरिक दायरे का विस्तार घाटी से जम्मू तक कर लिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2021 से 2024 के बीच जम्मू में 30 ऐसे हमले हुए जिनमें आतंकी शामिल थे। इनमें कई नागरिकों की मौत हुई। कुछ घटनाओं के चलते पर्यटकों के उफान वाले सीजन में खतरे का आकलन बढ़ा हुआ होना चाहिए था। इनमें से कुछ अमेरिका के साथ हमारी रणनीतिक करीबी से जुड़ी हैं जिनसे पाकिस्तान नाखुश होगा। कनाडाई-अमेरिकी तहव्वुर राणा का अमेरिका द्वारा भारत प्रत्यर्पण भी ऐसा ही एक मामला है। भारत में उस पर 26/11 के आतंकी हमले लिए मुकदमा चलाया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा को भी उकसावे की एक वजह माना जा सकता है, खासकर यह देखते हुए कि वह वॉशिंगटन में असाधारण रूप से ताकत रखते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने कुछ ही दिन पहले कहा था कि कश्मीर उनके देश की गर्दन की नस है। खुफिया एजेंसियों ने उनके बयान को आसन्न आतंकवादी हमले का संकेत माना। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत थी। आखिर में सोशल मीडिया और मुख्य धारा के मीडिया के माध्यम से जनता की नाराजगी को महसूस किया जा सकता है लेकिन सरकार को हालात से निपटने में संयम और तार्किकता से काम लेना चाहिए। ऐसी खबरें आईं कि आतंकियों ने लोगों की धार्मिक पहचान की जांच करने के बाद उन पर हमला किया। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि सरकार किसी तरह का सांप्रदायिक तनाव नहीं भड़कने दे। देश में इस समय ऐसा कुछ नहीं होने देना चाहिए जिससे राज्य की शांति व्यवस्था नए सिरे से भंग हो जाए। हमले को लेकर विभिन्न मोर्चों पर नपीतुली प्रतिक्रिया देनी होगी। फिलहाल प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि क्षेत्र में हालात सामान्य किए जाएं और आतंकियों को जल्द उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।



दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं, तो इसका एक बड़ा कारण कुछ देशों की आतंकवाद के प्रति दोहरी नीति है। इन देशों के द्वारा वैश्विक मंचों से तो आतंकवाद के प्रति निंदा की जाती है, मगर बात आतंकवाद पर कार्रवाई करने और अंकुश लगाने की आती है, तो ये देश आतंकी देशों का समर्थन करने से परहेज नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि आज पूरी दुनिया में आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है और इसका खामियाजा भारत जैसे देशों को चुकाना पड़ रहा है। चीन भी एक ऐसा ही देश है, जो आतंकवाद को लेकर हमेशा से ही दोहरी नौति के तहत काम करता आया है। अपने मुल्क में इस्लामिक आतंकबाद का हवाला देकर उइगर मुस्लिमों पर अत्याचार कर रहा है, लेकिन भारत के दुश्मन आतंकियों को बचाने के लिए वह संयुक्त राष्ट में ढाल बनकर खड़ा हो जाता है। पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में पहले से अधिक तनाव की स्थिति बढ़ गयी है। भारत में हुए इस आतंकी हमले में जहां एक ओर अमेरिका रूस और ईरान जैसे देशों ने समर्थन दिया है, वहीं चीन ने एक बार फिर से आंतकवाद पर अपनी दोहरी नीति को उजागर करते हुए पहलगाम हमले के घावों पर नमक छिड़कते हुए पाकिस्तान के साथ अपने समर्थन को जाहिर किया है। चीन ने एक तरफ अपने आंतकवादी मित्र देश पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा हितों की रक्षा करने में उसके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और दूसरी तरफ दुनिया की नजरों में धूल झोंकने के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच किए जाने का आह्वान किया है। अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि चीन पहलगाम हमले के चाद के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाये हुए हैं। चीन ने अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान को उसकी संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा करने में समर्थन दिया है। पाकिस्तान ने इंटरनेशनल टीम से पहलगाम हमले की जांच कराने की मांग की है, जिसे अब चीन ने भी दोहराया है। संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के अपराधियों को न्याय दिलाने की बात कही है। मगर जिस प्रकार से चीन पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर रहा है, इस बात की आशंका कम ही है कि वह संयुक्त राष्ट्र में भारत का साथ देगा। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है। वैसे भी पाकिस्तान को चीन का समर्थन कोई नई बात नहीं है और संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम वैश्विक मंचों पर वह आतंकियों की पनाहगाह बन चुके इस मुल्क का समर्थन करता आया है। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर पाकिस्तान में खुलेआम घूमता है, जो भारतीय संसद पर हमला, मुंबई अटैक और पुलवामा हमले का गुनहगार है। इसके अलावा चीन ने हाल ही में मसूद के भाई अब्दुल रऊफ अजहर को भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अलकायदा प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया था। रऊफ पर अमेरिका ने 2010 में प्रतिबंध लगाया था और अगस्त 2022 में भी चीन ने उसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को बीटी लगाकर रोक दिया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव पर चीन ने वीटो का इस्तेमाल करते हुए रोक लगा दी थी। तल्हा सईद पर भारत सहित पश्चिमी देशों में जिहाद के नाम पर आतंक को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

## विश्व दर्शन

# मिशिगन रैली में जमकर थिरके राष्ट्रपति ट्रंप, दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने का मनाया जश्न



वाशिंगटन। राष्ट्रपति के तौर पर 100 दिन पूरे करने का जश्न डोनाल्ड ट्रंप ने डांस करके मनाया। मिशिगन रैली में उन्होंने 100 दिन की उपलब्धियां गिनाईं और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की खामियों का जिक्र किया। इस रैली का नाम '100 डेज ऑफ ग्रेटनेस' रखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक वीडियो क्लिप में ट्रंप डांसिंग मूव्स करते और मौजूद समर्थकों को 'थैंक्यू' कहते देखे जा सकते हैं। इस दौरान ट्रंप ने समर्थकों के समूह को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि "हम आज रात अपने देश के इतिहास में किसी भी प्रशासन के सबसे सफल 100 दिनों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।" ट्रंप ने इस दौरान टैरिफ से लेकर अप्रवासन नीतियों का बखान किया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन और डेमोक्रेट्स पर जमकर हमला बोला। मिशिगन रैली में ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन पर तंज कसा और दोहराया कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव उनसे चुराया गया था। ट्रंप ने रोजगार सृजन के मामले में भी अपनी पीठ थपथपाई। कहा, 'बहुत सारी ऑटो नौकरियां आ रही हैं। कंपनियां आ रही हैं...वे सभी मिशिगन वापस आना चाहती हैं और फिर से कारें बनाना चाहती हैं। आप जानते हैं क्यों? हमारी कर और शुल्क नीति के कारण, वे दुनिया भर से आ रहे हैं।' ट्रंप ने अपने समर्थकों, खासकर ऑटो कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं ऑटो कर्मचारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह बहुत बढ़िया था।' ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने अपनी उपलब्धियों का जश्न डांस करके दशार्या हो। 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद भी वो थिरके थे। "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन विक्ट्री रैली" में ट्रंप अपने सहयोगियों और परिवार के सदस्यों के साथ जश्न दिल से मनाया था। "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन विजय रैली" नामक इस कार्यक्रम में ट्रंप के समर्थकों, परिवार के सदस्यों और प्रमुख हस्तियों की भागीदारी देखी गई। कैपिटल वन एरिना में आयोजित इस रैली ने उनके राष्ट्रपति पद पर वापसी का जोरदार जश्न मनाया था।

## पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का दावा, कहा- 'भारत अगले 24 घंटों में कर सकता है अटैक'

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटे के अंदर पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक बयान जारी किया। उन्होंने अपने बयान में कहा, "पाकिस्तान को पुख्ता जानकारी मिली है कि भारत अगले 24-36 घंटों में पहलगाम घटना के आधार पर पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने की योजना बना रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस समस्या के दर्द को भली-भांति समझता है। हमने हमेशा आतंकवाद की हर रूप में निंदा की है, चाहे वह कहीं भी हो। एक जिम्मेदार देश के रूप में पाकिस्तान ने सच्चाई का पता लगाने के लिए एक निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच आयोग द्वारा जांच की पेशकश की थी। दुर्भाग्यवश, भारत ने तर्कसंगत रास्ता अपनाने के बजाय तर्कहीनता और टकराव का खतरनाक रास्ता चुना है, जिसके पूरे क्षेत्र और उससे बाहर विनाशकारी परिणाम होंगे। विश्वसनीय जांच से बचना भारत के असली मंसूबों को उजागर करने के लिए पर्याप्त सबूत है।" सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान दोहराता है कि भारत की किसी भी सैन्य दुस्साहस का निश्चित और निर्णायक तरीके से जवाब दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस वास्तविकता के प्रति सजग रहना चाहिए कि बढ़ते तनाव और इसके परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह भारत पर होगी। हमारा राष्ट्र हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के अपने संकल्प को दोहराता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के ठीक एक सप्ताह बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने आतंकवाद पर 'करारा प्रहार' करने के लिए सेना को खुली छूट दे दी है।

# बिहार में चीनी मिल में मशीन रिपेयरिंग करने गए मेरठ के मिस्त्री की मौत



मेरठ। बिहार के बगहा स्थित तिरूपति चीनी मिल में मंगलवार को काम कर रहे मेरठ के एक मिस्त्री की हादसे में मौत हो गई। घटना के समय वह सुरक्षा उपकरण नहीं पहना था। मेरठ के रहने वाले रेहान(40)को बगहा जिले के तिरूपति शुगर मिल में ठेकेदार ने मशीन रिपेयरिंग के लिए बुलाया था। बिना सुरक्षा उपायों के ऊंचाई पर खड़े होकर रेहान कार्य करने लगा। इसी बीच अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी। रेहान को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। एंबुलेंस से ले जाने की तैयारी चल ही रही थी कि इसी दौरान रेहान ने दम तोड़ दिया। रेहान के रिश्तेदार समर अली ने बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले हुई थी।

उसके तीन बेटियां हैं। शुगर मिल के प्रबंधक बीएन त्रिपाठी ने बताया कि रिपेयरिंग का काम ठेकेदार के माध्यम से चल रहा था। मिल प्रबंधक की ओर से कार्य नहीं कराया जा रहा था।

# नोएडा में उद्योगपति के घर में हुई थी बड़ी चोरी, नौकर व कार चालक से लाखों की नकदी व जेवरात बरामद

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-41 में रहने वाले एक उद्योगपति के घर से लाखों रुपए के जेवरात और 5 लाख रुपए नकद चोरी करने के मामले का आज पुलिस ने खुलासा किया है। थाना सेक्टर-39 पुलिस के अनुसार उद्योगपति के घर चोरी करने वाले उसके कार चालक और घरेलू नौकर है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की हुई नकदी और जेवरात सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-41 में रहने वाले सौरभ जैन नामक उद्योगपति के घर से उनके नौकर संदीप और ड्राइवर समरजीत ने सोमवार की रात को 5 लाख रुपए नकद और लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिया था। घटना के समय पीड़ित अपने परिवार सहित खाना खाने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में उद्योगपति द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले संदीप और समरजीत को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने चोरी की हुई 5 लाख की नकदी और लाखों रुपए कीमत के जेवरात बरामद कर लिया है। उन्होंने



बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह लोग काफी दिनों से उद्योगपति घर पर चोरी की योजना बना रहे थे। जब दोनों को उद्योगपति व परिजनों को घर से बाहर जाने की जानकारी मिली तो दोनों ने योजना के तहत चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

# मुख्य सचिव ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण कर अधिकारियों संग की बैठक, दिए निर्देश

नोएडा। उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली, तथा संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एयरपोर्ट के स्थलीय निरीक्षण और बैठक के दौरान यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, ओएसडी एवं नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकोलस शेंक, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसके तहत उड़ान संचालन की अंतिम समय सीमा शीघ्र घोषित की जाएगी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

## सड़क पर चलती महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी कर बनाई रील

मेरठ। गंगानगर में कार सवार युवक ने सड़क चलते लोगों और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए रील बनाई और उसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गंगानगर थाना एसएसआई अवधेश सिनसिनवार ने बताया कि एफ ब्लॉक-333 निवासी प्रज्ज्वल शर्मा ने अपनी कार में सड़क चलते लोगों, महिलाओं पर टिप्पणी की। रील बनाकर उसे अपने इंस्टा अकाउंट पर अपलोड भी किया। रील वायरल होने पर पुलिस से मामले की शिकायत की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा दर्ज किया गया है।

## लोहे के सरिये चोरी करता पकड़ा सिक्योरिटी गार्ड, पुलिस ने भेजा जेल



मेरठ। टीपी नगर क्षेत्र के भोला रोड रतन नगर निवासी प्रेम सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि वह सिक्योरिटी एजेंसी चलाते हैं।

मेरठ के टीपी नगर क्षेत्र के भोला रोड रतन नगर निवासी प्रेम सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि वह सिक्योरिटी एजेंसी चलाते हैं। एजेंसी के कुछ गार्ड आनंद अस्पताल के पास अतुल कुमार गुप्ता की निमार्णाधीन साइट पर तैनात हैं। आरोप है सिक्योरिटी गार्ड अनुज कुमार को उन्होंने व टीम ने रंगेहाथ लोहे के सरिये और छल्ले चोरी करते हुए पकड़ा है। वह मूलरुप से हापुड़ जिले के गांव मोहरा मुदाफरा का रहने वाला है। फिलहाल मेडिकल क्षेत्र के हरबंश नगर में रह रहा था। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मेरठ तोपखाना पुलिस चौकी इंचार्ज की सड़क हादसे में मौत



मेरठ। थाना लालकुर्ती के तोपखाना पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार व उनके रिश्तेदार की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि वह इलाहबाद हाईकोर्ट गए थे। मेरठ लालकुर्ती थाने के तोपखाना पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार और उनके रिश्तेदार की रायबरेली में सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा कि प्रदीप कुमार इलाहाबाद हाईकोर्ट में गए थे। वहां से अपनी पत्नी और साले के साथ वापस मेरठ कार से लौट रहे थे। रायबरेली के जगतपुर थानाक्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने प्रदीप की गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें प्रदीप और उसके साले की मौके पर मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल है, जिनको एम्स में भर्ती कराया गया। चौकी इंचार्ज की मौत के बाद थाने में शोक का माहौल है।

## साहिल-मुस्कान की जमानत अर्जी खारिज, अगली सुनवाई 9 मई



मेरठ। सौरभ हत्याकांड की आरोपी पत्नी मुस्कान और प्रेमी साहिल शुक्ला ने जमानत मांगी है। उनकी वकील रेखा जैन की तरफ से कोर्ट में जमानत की अर्जी दी गई। इसमें उन्होंने अपने मुस्कान और साहिल को जमानत पर जेल से छोड़ने की अपील की है। आज कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए दोनों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख नौ मई दी है।

मुस्कान और साहिल ने नृशंस तरीके से सौरभ की हत्या की थी। इसके बाद उसकी लाश के 3 टुकड़े कर नीले ड्रम में डालकर उस पर सीमेंट का घोल कर दिया था।

ब्रह्मपुरी पुलिस के सामने दोनों ने सौरभ की हत्या करने की बात भी कबूल की है। जिसके बाद दोनों शिमला, मनाली घूमने के लिए गए थे। ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मुस्कान और साहिल 19 मार्च से जिला कारागार में बंद हैं।

सरकारी अधिवक्ता रेखा जैन ने 24 अप्रैल को मुस्कान साहिल की जमानत के लिए दी एप्लीकेशन में जमानत का मुख्य आधार हत्या के काफी समय बाद मुकदमा दर्ज होने को बनाया है।

उन्होंने कहा कि हत्या का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है, जो साबित करता हो कि हत्या मुस्कान और साहिल ने की है। सरकारी वकील की जमानत अर्जी पर ब्रह्मपुरी पुलिस ने जमानत नहीं देने की टिप्पणी भी लिखकर दी है। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी और अगली सुनवाई के लिए नौ मई की तारीख नियत की है।

# आज का इतिहास




नयी दिल्ली 30 अप्रैल (वार्ता) भारतीय एवं विश्व इतिहास में 01 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है :-

1840: ब्रिटेन ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।

1886: अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत।

1897: स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

1908: प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।

1913: बॉलीवुड अभिनेता बलराज साहनी का जन्म हुआ।

1914: कार निमार्ता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।

1923: भारत में मई दिवस मनाने की शुरूआत।

1956: जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।ॉ

1960: महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने।

1972: देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।

2009: स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी।

2011: अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि।

2021: प्रख्यात सितार वादक देबू चौधरी का निधन हुआ।

## बाबा साहेब के अपमान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जवाब मांगे दलित समाज - भाजपा



गाजियाबाद : भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आज भाजपा ने नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाजवादी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के विरोध में प्रदर्शन किया। उनका मानना है डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महामानव की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसमें अपनी तस्वीर जोड़ना समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किया गया अत्यंत निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। यह न केवल एक घटिया राजनीतिक नौटंकी है, बल्कि करोड़ों दलितों के आत्मसम्मान, संघर्ष और अस्मिता पर सीधा हमला है। महानगर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा: "अखिलेश यादव का यह कृत्य दलित समाज के साथ धोखा है। समाजवादी पार्टी को बाबा साहेब की छवि का राजनीतिक उपयोग तुरंत बंद करना चाहिए और अखिलेश यादव को देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।"

## रंग संसार

## अभिनेत्री पारुल यादव ने वेटिकन सिटी के पोप फ्रांसिस को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

मुंबई (अनिल बेदाग) : अतीत में कई मौकों पर अपनी प्रतिभा और साहस साबित करने वाली अभिनेत्री पारुल यादव वर्तमान में वेटिकन सिटी में हैं। इस रविवार को ईस्टर पर, भव्य और प्रतिभाशाली बॉलीवुड सुंदरता को सेंट पीटर्स बेसिलिका में लाइव उपस्थित होने का एक दुर्लभ अवसर मिला, जहाँ पोप फ्रांसिस ने भीड़ को संबोधित किया। अस्वस्थ होने के बावजूद, वह अपनी संक्षिप्त उपस्थिति से दुनिया को आश्चर्यचकित करने में कामयाब रहे। हालाँकि, अभी पूरी दुनिया उनके निधन पर विलाप कर रही है क्योंकि विशेष संबोधन के सिर्फ एक दिन बाद, उनका निधन हो गया और वे नहीं रहे। पारुल, जिन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि ईस्टर पर उनके सामने जो संबोधन उन्हें लाइव देखने को मिला, वह पोप का आखिरी संदेश होगा और उनका आशीर्वाद भावनात्मक हो गया और उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एक भावनात्मक नोट में, पारुल ने वेटिकन में अपने अनुभव के अनदेखे दृश्यों को साझा करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि वह इसके लिए तैयार नहीं होने के बावजूद वहां होने के लिए कितनी आभारी थी। वह इस बारे में बात करती है कि कैसे पोप के साथ उसका अंतिम क्षण अधिक पवित्र, वास्तविक और गहराई से भरा था। यह शब्दों से परे परेशान करने वाला है। जीवन वास्तव में अप्रत्याशित है और आज, पूरी दुनिया शोक मना रही है। उनके निधन के बाद, जिस क्षण मुझे अपने सामने लाइव अनुभव करने का मौका मिला, वह और अधिक यादगार लगता है। मुझे यह स्वीकार करने में वास्तव में कुछ समय लगा कि एक दिन पहले ही उन्हें मेरे सामने सभी को आशीर्वाद देते हुए सुनने के बाद आज वह नहीं रहे।

## राज काज

## भारत के आक्रामक तेवर से परेशान पाकिस्तान, गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें की रद्द



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की।

एक अधिकारी ने कहा, "राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई।" विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। सहित भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया। प्रतिबंध भारतीय सैन्य और वीआईपी विमानों की आवाजाही पर भी लागू हैं। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए। भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कुछ फैसले लिए।

# दैनिक राशिफल गुरूवार 01 मई, 2025

**मेष** – अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभङ्क्षचतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृष** – नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मङ्क्षचतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मिथुन** – दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर।

**कर्क** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** – प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या** – स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के याग हैं।

**तुला** – नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक** – जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु** – कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।


**मकर** – बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे

**कुम्भ** – सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**मीन** – धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## दैनिक पंचांग

### 1 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




**गुरुवार** 2025 वर्ष का 121 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 11.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 14.21 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 08.34 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 11.24 बजे तदनन्तर बव 22.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 05'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872331
**जूलियन दिन** 2460796.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 02
**विशेष** विनायक चतुर्थी, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.17 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मिथुन | 08.15 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.29 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.45 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.57 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.07 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.22 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.38 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.43 बजे से |
| | | कुंभ | 01.30 बजे से |
| | | मीन | 03.02 बजे से |
| | | मेष | 04.33 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 | बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 | बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 | बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# युवक संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर घायल



**शामली।** सहारनपुर से जोधपुर जा रहा युवक करोडी अंडरपास के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवत पूरी रात रेलवे लाईन के निकट झाडियों में जिंदगी और मौत से जूझता रहा। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद सहारनपुर के गांव मानक मऊ निवासी 17 वर्षीय जावेद पुत्र पप्पू राजस्थान के जोधपुर में कार्य करता है। मंगलवार की देर रात वह सहारनपुर से ट्रेन में सवार होकर जोधपुर जा रहा था। तभी जनपद शामली क्षेत्र के करोडी अंडरपास के पास अचानक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से नीचे गिर गया। सुबह साथी युवक ने घटना की जानकारी परिजनों को फोन कर दी। जिससे परिजनों में हडकंप मच गया और उन्होने शामली जीआरपी पुलिस के साथ युवक को करोडी अंडरपास रेलवे लाईन के निकट झाडियों में तलाश किया तो युवक लहुलुहान अवस्था में गंभीर रूप से घायल पडा मिला। जिसके बाद घायल युवक को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने कडी जददो जहद कर युवक के गले में अटे खून को साफ किया और उसको ऑक्सीजन दी। जिसके बाद युवक की पल्स चल सकी। युवक के सिर में गंभीर चोट होने के कारण वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वही पुलिस युवक के ट्रेन से गिरने के कारणों का पता लगाने में लगी है। परिजनों ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस फोन करने वाले युवक की भी तलाश करने में लगी है क्योकि रात्रि में हुई घटना की जानकारी सवेरे होने पर दी गई, जिस कारण घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच करने में लगी है।

# पुलिस कर्मी बन रौब गालिब करने वाला रेलवे पुलिस के हत्थे चढा



**जलालाबाद।** रेल मे फर्जी पुलिसकर्मी बनकर भोले भाले यात्रियो का सामान उडाने वाले युवक को रेलवे पुलिस ने उस वक्त पकडा जब वह सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर रेल मे एक यात्री को सामान उडाने के बाद उसी को पीट रहा था।

सहारनपुर के टपरी से पैसें जर टेन में सफर कर रहे यात्री हिमांशू पुत्र हरेन्द्र का रेल में उत्तराखंड पुलिस की वर्दी में घूम रहे एक सिपाही ने सामान उडा दिया हिमांशू ने विरोध किया तो वर्दी का रौब गालिब करते हुए उल्टा उसी को दे दनादन दे दनादन थप्पडों की बारिश करते हुए उसे चोर बताने लगा। किसी तरह पीडित ने 112 पर काल की तो जलालाबाद रेलवे स्टेशन पर शामली रेलवे पुलिस ने उसे पकड लिया। पहले तो अकड के साथ अपने को पुलिसकर्मी बताता रहा, परन्तु रेलवे पुलिस सख्ती से पूछताछ की तो वह अपने थाने व एस एच ओ नाम तक नहीं बता सका मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी देहरादून का रहने का रहने वाला है, जिसकी नेम प्लेट पर जरीफ लिखा है।

शामली रेलवे पुलिस इंचार्ज चांदवीर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में स्पष्ट हो गया है कि यह युवक फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ट्रेन मे यात्रियों का सामान उडाता है, जो उसके पास से बरामद भी हुआ है। घटना स्थल सहारनपुर होने के चलते आरोपी को पूछताछ के बाद सहारनपुर पुलिस को सौंपा गया है, जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अग्रिम कार्रवाई भी वही की जायेगी।

## अक्षय तृतीय के अवसर पर गौता की सेवा को कार्यक्रम का आयोजन किया

**शामली।** शहर के कस्बा बनत स्थित गौशाला में रतन एकता ट्रस्ट द्वारा अक्षय तृतीय पर पर गौमात की सेवा करते हुए उन्हें हरी घास खिलाई गई। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने बढती गर्मी में गौमाता को प्याऊ लगाकर पानी पिलाई और पूजा अर्चना की।

बुधवार को कस्बा बनत स्थित वृहद गौशाला में रतन एकता ट्रस्ट द्वारा अक्षय तृतीय के अवसर पर गौता की सेवा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा गौमाता की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गौमाता को हरी घास खिलाई गई और भीषण गर्मी को देखते हुए गौमाता को ठंड पानी पिलाया गया। इस दौरान संस्था द्वारा गौशाला परिसर में साफ सफाई की गई। साथ ही उन्होने गौशाला परिसर में कली चूना भी डाला है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार, दीपेंद्र, मिंटू, रूबी, सन्नी, विशाल, जग्गू, आदि मौजूद रहे।



## 10 मई को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा

**शामली।** आगामी 10 मई को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयों/विभागों से सम्बन्धित अधिकाधिक उपयुक्त वादों शमनीय वाद, दीवानी वाद, 138 एन.आई. एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को अपने-अपने न्यायालयों, विभागों में लम्बित वादों यथा-वरासत सम्बन्धी, नामान्तरण आदि के वाद पर त्वरित कार्यवाही कर अधिक से अधिक वादों को नियत करते हुए समन/नोटिस भेजकर तामीला कराना सुनिश्चित करें।

## दिव्यांगजनों को दुकान निर्माण के लिए बीस हज़ार रुपये लोन प्रदान किया जायेगाँ

**शामली।** ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि दिव्यांगजनों को दुकान निर्माण के लिए बीस हज़ार रुपये जबकि दुकान संचालन अथवा खोखा, गुमटी, हाथ ठेला क्रय के लिए दस हज़ार रुपये का लोन प्रदान किया जाएगा। यह लोन चार परसेंट वार्षिक ब्याज की दर से व 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ दिया जायेगा। जिसके लिए पात्रता दिव्यांग की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच हो। दिव्यांग प्रतिशतता 40 प्रतिशत से कम न हो। दिव्यांग के परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 92 हजार रुपये व शहरी क्षेत्र में 1लाख 12 हजार रुपये से अधिक न हो। दिव्यांग उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो। दिव्यांग पर किसी बैंक का देय न हो, न ही उस पर कोई आपराधिक या आर्थिक वाद न हो। दुकान निर्माण के लिए 110 वर्ग फ़ीट जमीन की रजिस्टर्स्ड जमींन हो। दिव्यांग का आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, तहसील निर्गत ऑनलाइन फॉर्मेट वाला आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, लाभार्थी का बैंक एकाउंट, आवेदक पर किसी बैंक का देय न हो।

## पशु चिकित्सक को भावभीनी विदाई दी

**शामली।** फार्मासिस्ट पशु चिकित्सालय थानाभवन अनिल कुमार सिंह बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये। जिसके चलते उनका पशु चिकित्साधिकारी के प्रांगण में सम्मान-सह-विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार के विदाई समारोह के अवसर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हे उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन में अपने आप को व्यस्त रखें, स्वस्थ रहे और प्रसन्नता पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ चन्द्रभानु कश्यप मौजूद रहे।



## बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शामली।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन के संरक्षण अधिकारी व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पारूल चौधरी व अजरा खान द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद में बाल विवाह की रोकथाम के लिए कस्तूबा गांधी स्कूल बनत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अजरा खान द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है। जिसमें कम उम्र के बच्चों की शादी कर दी जाती है। यह समस्या विशेष रूप से विकासशील देशों में पाई जाती है। जहां लडकियों को अक्सर कम उम्र में शादी के लिए मजबूर किया जाता है। बाल विवाह के नुकसान भी है। वह बालक बालिकाएं शिक्षा से वंचित हो जाती है। स्वास्थ्य की समस्याएं पैदा हो जाती है। मानसिक और भावनात्मक तनाव रहता है। अधिकारों का हनन होता है। भविष्य की संभावनाओं का नुकसान होता है। इसीलिए सरकार द्वारा लड़कियों के विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं लडकों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। संरक्षण अधिकारी पारूल चौधरी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह अपराध माना जाता है। अगर कोई ऐसा करता है तो 2 साल की सजा एवं एक लाख का जुर्माना होगा।



# आईसीएसई बोर्ड के एक मात्र स्कूल सैंट फ्रांसिस का परीक्षा परिणाम घोषित, छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौडी

**शामली।** बुधवार को आईसीएसई बोर्ड के एक मात्र स्कूल सैंट फ्रांसिस का परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। हाईस्कूल में कार्तिक बंसल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया वही इंटर में अवनि शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

बुधवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही जिले के छात्र-छात्राओं की खुशी का ठिकाना नही रहा। आईसीएसई बोर्ड के एक मात्र स्कूल सैंट फ्रांसिस में जश्न का माहौल बना रहा। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में कार्तिक बंसल ने 98.8 प्रतिशत और इंटर में संकल्प अवनि शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा हाईस्कूल में रिद्धि मित्तल ने 98 प्रतिशत, अभिनव सैनी ने 97.4 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इंटर में वंश भारद्वाज ने 94.4 प्रतिशत, जिया ने 94.25 प्रतिशत, आरव चौधरी ने 94.25 प्रतिशत ने साईंस वर्ग में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिम्युनिटी वर्ग में वंश चौधरी ने 95.5 प्रतिशत, अर्पित देशवाल ने 93.75 प्रतिशत, अकांशा मलिक ने 92.75 प्रतिशत, तथा कॉमर्स में राघव सिंघल ने 86.75 प्रतिशत, कृष्णा अग्रवाल ने 85 प्रतिशत व शिवानी गर्ग ने 82.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने अपने विषय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूली शिक्षकों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाईयां खिलाई। पूरे स्कूल परिसर में छात्र-छात्राऐं एक दूसरे को बधाई देने के लिए मिठाईयां अपने साथ ले आये थे। उन्होने अपने सफलता का श्रय अपने शिक्षकों व अभिभावकों को दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को बधाई दी है।




# अवैध असलहा व कारतूस बरामद, आरोपी धरा



**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे के किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आंनद कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने नगर के पानीपत बाईपास के निकट से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता सद्दाम निवासी मोहल्ला इकरामपुरा कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

# साधना स्थल भूमि पर 6 मंदिरों का शिलान्यास किया



**शामली।** श्री हरि कृपा ट्रस्ट शामली द्वारा शहर के गौशाला रोड स्थित अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की साधना स्थल भूमि पर 6 मंदिरों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम अरविंद दृष्टा महाराज के सानिध्य में किया गया। मंदिरों के शिलान्यास के मुख्य यजमान अरविंद संगल, मीनू संगल रहे। नरोत्तम गर्ग गढ़ीपुख्ता, मीनाक्षी मित्तल, विवेक जैन, सचिन गोयल, प्रदीप बंसल, मुक्तेश्वर शर्मा, बलराज स्वरूप, अनिल संगल, नरेंद्र गोयल, घनश्याम दास तायल, अनिल बंसल, आशीष संगल ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। आचार्य चंचल शर्मा ने विघि विधान से पूजा अर्चना कराई। अरविंद दृष्टा महाराज, अरविंद संगल, सलिल द्विवेदी ने शिलान्यास की ईंट रखी और पूजा अर्चना की। सभी यजमान व सभी व्यक्तियों ने भी एक एक ईंट रखी। मंदिर निर्माण माता कात्यायनी देवी, माता लक्ष्मी, पदमनाथम, राम लला, सिध्दी विनायक, माता अन्नपूर्णा, मुख्य रूप से है। अरविंद दृष्टा महाराज ने हुए कहा कि आज भगवान परशुराम, माता अन्नपूर्णा की जयंती है। उनको हम प्रणाम करते हैं। उनकी कृपा आप सभी पर बनी रहे। कात्यायनी देवी विवाह में सहायक है। उनकी पूजा करने से विवाह जल्दी हो जाता है। मां लक्ष्मी सब धन वैभव की वर्षा करती है। सिध्दीविनायक सबका का कष्ट दूर करने वाले हैं। शामली क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों को श्री हरि नारायण अपनी कृपा बनाए रखें। सभी का कल्याण करें। पवन संगल ठेकेदार की देखरेख में मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सलिल द्विवेदी, स्वामी ओमान्द हरिद्वार, महिपाल शर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वर कुमार बंसल, शिव चरण संगल, विपिन नेता, संजय संगल, सुधीर कुमार सिंघल, राजीव बंसल, संजय बंसल, रवि संगल, मुकेश गर्ग, शिवकुमार मित्तल, सुनील गर्ग, जगमोहन गर्ग, अनुज गुप्ता, खुशीराम अरोड़ा, आदि मौजूद रहे।

# मस्जिदों में फॉर्मलटी नहीं, बल्कि जमात से नमाज़ अदा करें: मौलाना उस्मान

## बोले-धर्म को लेकर नहीं करनी बहस, बुराइयों से बचें और एक आईडियल मुसलमान बनें

### ❒ मोहम्मदपुर राई में वार्षिक जलसे में पंजाब के शाही इमाम का संबोधन



**कैराना।** पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी धर्म को लेकर बहस नहीं करनी है। हमें समाज में तोड़ने की नहीं, बल्कि जोड़ने की बात करनी है। इसके अलावा समाज में पनप रही कुरीतियों को दूर करने की आवश्यकता है। वह गांव मोहम्मदपुर राई में स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया अशरफिया मसीहुम उलूम में वार्षिक जलसे को संबोधित कर रहे थे।

जलसे में बतौर मुख्य अतिथि शाही इमाम और मजलिस अहरार इस्लाम हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद उस्मान लुधियानवी ने कहा कि संसार में नबी से खूबसूरत शख्सियत नहीं आई। उन्होंने मदद करने में कभी धर्म की कैद नहीं रखी और निस्वार्थ भाव से मदद की। उन्होंने कहा कि शादी-ब्याहों में फिजूलखर्ची हो रही है, लेकिन मस्जिदों के इमामों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनकी कद्र करनी चाहिए और उचित वेतन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को क्यों कोसते हैं, पहले अपने आमाल सही करें। जिस दीन को खतरा बता रहे हो, उसके रक्षक बनो। उन्होंने कहा कि इस्लाम यह शिक्षा नहीं देता कि किसी को गलत कहो। किरदार ऐसा बनाओ कि इस्लाम झलकता हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति चोंचलेबाजी करता है, दिल में फरेब है, तो उसकी नमाज भी केवल दिखावा है। उन्होंने कहा कि अपने अंदर से तमाम बुराइयों को खत्म करें। जरूरतमंद लोगों की मदद करें। शाही इमाम ने यह भी कहा कि धर्म को लेकर किसी से बहस नहीं करनी है। लोगों को जोड़ने की बात करनी है, तोड़ने की नहीं। सभी एकजुटता के साथ रहे। मौलाना अनीस जलालाबाद ने कहा कि अपने नौनिहालों को शिक्षित बनाएं, क्योंकि शिक्षा ही अर्श तक पहुंचाती है। मौलाना आकिल ने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों को खत्म करने की आवश्यकता है। मौलाना मुशर्रफ ने कहा कि हराम खाने से बचो। अपने बच्चों को बेहतर संस्कार दो और उन्हें नेक बनाओ। इनके अलावा मुफ्ती रफीउज्जमां, मुफ्ती साजिद, मौलाना शुऐब आदि ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी वलीउल्लाह शेरवानी व संचालन मौलाना फिरोज ने किया। वहीं, उलमाओं द्वारा तीन हाफिजों उवैस, नौमान व उमैर की दस्तारबंदी की गई। शाही इमाम की विशेष दुआ पर जलसा संपन्न हुआ। मदरसे के मोहतमिम मौलाना सादिक मिफ्ताही ने आगंतुकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हाफिज सालिम, मेहरबान अली कैरानवी, मौलाना सलीम, हाजी अनीस, हारून, कारी आदिल, दानिश, जमील, रूमल हुसैन, हाफिज यामीन आदि मौजूद रहे।

**गांव में शाही इमाम का भव्य स्वागत**

पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी के पहुंचते ही लोग उनके काफिले में शामिल हो गए। गांव में जगह-जगह हाजी सद्दाम हुसैन, डॉ. मारूफ, अब्दुल खालिक, दानिश पंवार, मौलाना हाशिम, मुफ्ती राशिद, मुफ्ती साजिद, मौलाना अहसान, हाफिज अमीर हसन, मो. साबिर, सरवर, जावेद आदि ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान शाही इमाम द्वारा लोगों को दुआओं से नवाजा गया।

# जानलेवा हमले के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल रवाना

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

विगत 18 अप्रैल को प्रविन्द्र उर्फ प्रवीण निवासी ग्राम बरनावी ने गांव के ही पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में लिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। बुधवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद इसरार व उसके पुत्र शकील को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस इससे पूर्व घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को जेल रवाना कर चुकी है।



# कैराना-सीबीएसई में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस से अभिभावक परेशान

## एडमिशन फॉर्म की कीमत 500 ऐडमिशन करने की कीमत 50,000

**कैराना।** कैराना और शामली नगर जिला वीआईपी जिलों में शुमार है। यहां पर प्राइवेट स्कूल संचालकों की तानाशाही हर साल बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों में मनमाने तरीके से फीस वसूली जा रही है। शामली जिले के लोगों ने बुधवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के। अध्यक्ष ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज से मुलाकात कर कहा कि इनकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। इस वजह से हमें अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में अब दाल-सब्ज़ी हमारी थालियों से गायब हो रही है। यह दर्द शामली के रहने वाले पेरेंट्स का है। आपको बता दे अप्रैल शुरू होते ही देशभर के प्राइवेट स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाता है। यह समय बच्चों के माता-पिता के लिए काफी तनाव भरा होता है। बच्चों के लिए बढ़िया स्कूल सेलेक्ट करना और उसके बाद प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाला तामझाम अभिभावकों को काफी परेशान कर देता है। इसके बाद इन स्कूलों की भारी फीस भरने और महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने की टेंशन उन्हें और हताश कर देती है। इतना ही नहीं शिक्षा अधिकारी को मिलीभगत के चलते ये प्राइवेट स्कूल अपनी मनमर्जी से फीस बढ़ाते रहते हैं. इससे अभिभावकों की जेब पर भारी असर पड़ता है। अब इन स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जा रही है। समस्या सुनते हुए श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्यवादी ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने कहा शिक्षा मंत्री से इस संबंध में बात कर मनमानी कर रहे स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही कराएंगे।

**एक सीबीएसई स्कूल जन प्रतिनिधि नेता का बड़े स्तर पर कर रहा लूट कैराना और शामली में अब शिक्षक ही बने शिक्षा माफिया**

# बैरियर लगाकर कैन्टर चालक को बाईक सवारो ने मारपीट कर किया घायल



**मोरना।** गंगनहर पटरी कांवड मार्ग पर तीन युवको ने बैरियर लगाकर रास्ता बंद कर दिया तथा दबंगई का तांडव करते हुए कैन्टर गाडी को रोककर सरेआम चालक पर धावा बोलते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को बचाया हमलावर तीनों आरोपियों से पूछताछ कर छोड दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा गंग नहर पटरी पर बुधवार शाम समय बाईक सवार तीन युवकों ने वहां रखे पुलिस बेरियर को लगाकर मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया। कुछ देर बाद पहुंचे एक केंटर के चालक को युवकों ने धर लिया और डंडो व पेंट की बेल्ट आदि से केंटर चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। चालक की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण उधर दौड़े और चालक की जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की, जहां घायल हुए चालक राजन निवासी सहारनपुर ने बताया कि वह कैन्टर गाडी चलाता है। वह मुज़फ्फरनगर से कैन्टर लेकर सहारनपुर जा रहा था। जब वह भोपा मार्ग पर गांव जटमुझेडा पहुंचा, तो सड़क पर एक मोबाइल पडा था। राजन ने गाडी रोककर मोबाइल उठा लिया, कुछ दूर चलने पर पीछे तीन युवक बाईक पर आये और उसे बेलड़ा नहर पटरी पर बेरियर लगाकर धर लिया और मारपीट शुरू कर दी मौके पर पहुंची भोपा पुलिस ने तीनों हमलावरो को पकड लिया तीनों युवकों ने बताया कि हमारा मोबाइल फोन गिर गया था, जो गाडी चालक ने उठा लिया था ओर गाडी रोक नही रहा था, तीन युवक थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी निवासी के बताये जा रहे है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को छोड़ दिया, जिससे उपस्थित ग्रामीण ने रोष जाहिर किया।

## सरेबाजार युवक के साथ मारपीट की घटना से रोष व्याप्त, शाम ढलते ही मोरना में छा जाता है दबंगों का खौफ



**मोरना।** अपराध के केन्द्र माने जाने वाले गांव मोरना मे दबँगों ने सरे बाजार युवक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट में घायल युवक को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र गांव मोरना निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह घर से बाजार की ओर जा रहा था तभी रास्ते में मंदिर के पास दो दबंग युवक जो हाथ में रॉड लेकर चल रहे थे। दबँगों ने उसे अकारण ही गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और सड़क पर गिराकर उसके सिर में लोहे की रॉड से वार किया। सिर पर हुए प्रहार से दीपक बेहोश हो गया।

परिजनों द्वारा दीपक को उपचार के लिए भोपा अस्पताल में ले जाया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मोरना में आपराधिक घटनाओं के कारण आमजन में दहशत व्याप्त है।



## चोरों ने आधा दर्जन नलकूपों पर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मोरना।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है। चोरों ने कस्बे की चेयरमैन सहित आधा दर्जन किसानों की ट्यूबवेल पर चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। ट्यूबवेल चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया है। पीडित किसानों ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई व चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी की चेयरमैन सरला देवी वामन सहित, सुनील शर्मा, राजवीर सिंह, हैदर, काले खान, अनु व राजसिंह आदि के खेत गांव शुक्रतारी व भोकरहेडी के जंगल में है। बुधवार की सुबह जैसे ही किसान अपनी ट्यूबवेल पर पहुंचे तो उन्होंने ट्यूबवेल की दीवार टूटी हुई मिली, जहां चोरों ने ट्यूबवेल से केबिल, स्टार्टर, ऑपरेटर, कटआउट आदि सामान चुरा लिया। चोरों ने सात ट्यूबवैलों के कमरों की दीवार तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर किसानों का भारी नुकसान किया है। किसानों ने ट्यूबवैल से कीमती सामान चोरी की घटनाओं पर रोष व्यक्त करते हुए चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग पुलिस से की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।


## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के बायवाला चौकी के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल है। क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी नूर अहमद मंगलवार देर शाम बाइक पर गांव से किसी रिश्तेदारी में जा रहा था। कस्बे के मोहल्ला भटवाड़ा निवासी वास्तु शर्मा दूसरी बाइक से बढ़ौत मार्ग से वापस घर लौट रहा था। दोनों की बाइक आपस में भीड़ गई। घटना में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर स्वजन ने दोनों घायलों को मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने नूर अहमद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल वास्तु को उपचार के लिए मेरठ भर्ती कराया गया है। मृतक के स्वजन में कोहराम मचा है।

# पाकिस्तान के मंत्रियों की शवयात्रा निकाली

## सिर कलम करने पर 1० करोड़ के ईनाम की घोषणा

**बुढ़ाना।** कस्बे में विजय हिंदुस्तानी पाकिस्तान के मंत्रियों की शवयात्रा लेकर पहुंचे। इस दौरान लोगो ने जमकर नारेबाजी की। विजय हिंदुस्तानी ने पाकिस्तान के मंत्री और सेनाध्यक्ष का सिर कलम करने वाले को 1० करोड़ के ईनाम की घोषणा की गई। शामली जनपद के गांव भाभीसा निवासी विजय हिंदुस्तानी ने



बाइक पर मुजफ्फरनगर से अपने गांव तक शवयात्रा निकाली। उन्होंने अपने शरीर पर बलिदानी सैनिकों के नाम गुदवा रखे है। उन्होंने बताया कि आतंकियो ने मासूम लोगो का कत्ल किया है। भारत उन्हें अंजाम तक पहुंचाएगा। पाकिस्तान इन आतंकियों को सह दे रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, सेनाध्यक्ष आदि भारत को परमाणु बम की गीदड़ भभकी दे रहे है। इसके लिए उनकी शवयात्रा निकाली जा रही है। मुजफ्फरनगर से शामली जनपद के बॉर्डर तक शव यात्रा निकाली जाएगी। बॉर्डर पर कृष्णा नदी में इन पुतलों को प्रवाहित किया जाएगा। कस्बे के चौधरी चरण सिंह चौक पर समर्थकों में विजय हिंदुस्तानी का स्वागत किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। विजय हिंदुस्तानी ने पाकिस्तान के मंत्री व सेनाध्यक्ष का सिर कलम करने वालो को 1० करोड़ के ईनाम की घोषणा की। इस दौरान हिन्दू संगठन के राजीव बालियान, प्रवीण, नीटू, राजन, मुकेश, संजय, राजेन्द्र, मोनू आदि मौजूद रहे।



## तालाब में डूबने से भैंस की मौत

**मोरना।** गांव टंढेडा में आधी रात को मजदूर की भैंस खूंटे से खुलकर चली गई। सुबह गांव के तालाब में भैंस मृत हालत में पाई गई, जिससे मजदूर को आर्थिक नुकसान हुआ है। मजदूर ने मुआवजे की गुहार प्रशासन से लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा निवासी सुलेमान ने बताया कि मंगलवार की रात उसकी भैंस खूंटे से खुलकर कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी भैंस का कहीं पता नहीं चला। सुबह सवेरे गांव स्थित तालाब में भैंस मरी हुई पाई गई। सुलेमान ने बताया कि दलदल में धंस जाने के कारण भैंस की दम घुटने से मौत हो गई। भैंस की कीमत एक लाख बताई गई है। मृतक भैंस चार माह की ग्याभिन थी। पीडित मजदूर ने प्रशासन से आर्थिक सहायत की गुहार लगाते हुए तालाब की बाउंड्री करवाने की मांग की है।

## विवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट कर घर से निकाला

**मोरना।** विवाहिता के साथ ससुराल जनो द्वारा एक साथ मिलकर मारपीट करने व दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़िता ने ससुरालजनों पर घर से बाहर निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की उसके पिता ने करीब पांच वर्ष पूर्व उसका विवाह गांव निवासी युवक के साथ समाज की रज़ामंदी से किया था और दहेज में कीमती सामान भी दिया गया था। शादी के कुछ समय बाद ही पत ने मारपीट, गाली-गलौच और खर्चा न देने जैसी प्रताड़नाएं शुरू कर दीं। पीड़िता का आरोप है कि पति ने दूसरी शादी कर ली है, जिससे वह अब उसे न तो अपने साथ रखता है और न ही उससे कोई संबंध बनाता है। पीड़िता के एक साढ़े तीन वर्ष का पुत्र भी हैपीड़िता ने अपने ससुर, जेठ, आदि पर भी मारपीट, गाली-गलौच व कमरे के अंदर खींचकर दुष्कर्म का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## पाकिस्तान के खिलाफ शव यात्रा लेकर पहुंचे विजय हिंदुस्तानी का शाहपुर में भव्य स्वागत

**शाहपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सोमवार को विजय हिंदुस्तानी द्वारा निकाली गई पाकिस्तान की प्रतीकात्मक शवयात्रा का शाहपुर कस्बे में विजय हिंदुस्तानी का भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के मुख्य बाजार में व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति के नारों और फूल-मालाओं से विजय हिंदुस्तानी का जोरदार अभिनंदन किया। विजय हिंदुस्तानी ने इस मौके पर कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में शोक और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के दिल में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा है और अब समय आ गया है कि उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने अपने उद्बोधन में पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं को भारत का शत्रु बताते हुए कहा कि जो कोई भी पाकिस्तान के गद्दार असीम मुनीर, हनीफ अब्बासी, बिलावल भुट्टो और ख्वाजा आसिफ की गर्दन काटकर लाएगा, उसे वे 1० करोड़ रुपये का इनाम देंगे। विजय हिंदुस्तानी के समर्थन में वहां मौजूद लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत माता की जय जैसे नारे लगाए और पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की। उपस्थित नागरिकों ने सरकार से अपील की कि आतंकवाद के समूल नाश के लिए निर्णायक कार्यवाही की जाए। इस कार्यक्रम में विनीत बालियान, शेखर बालियान, हर्षित राठी, विकास बालियान, पुनीत बालियान व मोनू सहित कई स्थानीय युवा मौजूद रहे। शव यात्रा के माध्यम से विजय हिंदुस्तानी ने न केवल पाकिस्तान के खिलाफ जन आक्रोश व्यक्त किया, बल्कि राष्ट्र के प्रति लोगों की भावना को भी एकजुट किया।

## जेई ने मोटी रकम लेकर अवैध कनेक्शन जारी किये



**खतौली।** कस्बे में बन रही नई कॉलोनियों में विद्युत विभाग की ओर से अभी तक न तो खंभे लगाए गए हैं और न ही किसी प्रकार की आधिकारिक विद्युत आपूर्ति शुरू हुई है। इसके बावजूद विभाग में तैनात एक जेई ने अपने पद का घोर दुरुपयोग करते हुए मोटी रकम लेकर अवैध कनेक्शन जारी कर दिए। जब यह मामला अखबारों की सुर्खियों में आया, तो हड़कंप मच गया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मुजफ्फरनगर से दो सदस्यीय जांच टीम को मौके पर भेजा गया, जिसने अवैध कनेक्शन की जांच की। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना रोड पर एक नई कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति की कोई सुविधा नहीं दी गई थी, इसके बावजूद एक जेई द्वारा दो-दो सौ मीटर की दूरी पर कनेक्शन बांटे गए, जो पूरी तरह से अवैध हैं। इतना ही नहीं, ऐसी ही कई अन्य कॉलोनियों में भी इसी प्रकार के अवैध कनेक्शन दिए जाने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय निवासियों ने जेई पर खुलकर आरोप लगाए कि उनसे मोटी रकम वसूलकर बिजली कनेक्शन दिए गए। खबर छपने के बाद विभाग हरकत में आया और मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर जाकर न सिर्फ अवैध कनेक्शन की पुष्टि की, बल्कि खंभों से दूरी भी नापी। हालांकि जब मीडिया ने जांच टीम से सवाल किए, तो उन्होंने जांच का हवाला देते हुए कोई भी स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया।

## श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया

**खतौली।** श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को जमना विहार कॉलोनी स्थित श्रीपरशुराम भवन में आयोजित हवन पूजन में बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने भाग लेकर कर देश और समाज के कल्याण की कामना की। आचार्य मार्कण्डेय ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। यज्ञ के मुख्य यजमान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष के पी शर्मा रहे। वक्ताओं ने भगवान श्री परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य रूप से महामंत्री मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नरेश गौड़, विश्वनाथ शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, दीपचंद शर्मा, जयभगवान कौशिक, देवेंद्र शर्मा, सतेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, आशीष भारद्वाज, श्रीप्रकाश पाठक, अतुल शर्मा, विनोद शर्मा, नीरज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, संजय भार्गव, हरिमोहन भार्गव आदि विप्र बंधु उपस्थित रहे।



## पुलिस ने चोरी की नकदी, सामान समेत आरोपी पकड़ा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक दिन पूर्व हुई मेडिकल एजेंसी व चिकित्सक की दुकान में हुई चोरी की घटना का अनावरण करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी हुई नकदी व उपकरण बरामद किए गए। इंस्पेक्टर आनंद देव मिश्र ने बताया कि कस्बे के मंदवाडा मार्ग के डंपिंग ग्राउंड से युवक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से चोरी की नकदी व उपकरण बरामद किए गए। पकड़ा गया आरोपी साबिर उर्फ सोनू पुत्र शौकीन निवासी कस्बे की चांद मस्जिद के पास का है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# अक्षय तृतीया पर इक्षु रस का किया वितरण

**खतौली।** जैन समाज द्वारा अक्षय तृतीया पर इक्षु रस का वितरण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण और पवित्र त्यौहार है। अक्षय तृतीया पर्व हिंदू और जैन समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता हैं। माना जाता है कि यह दिन सौभाग्य, सफलता और कभी न खत्म होने वाली समृद्धि लाता है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला या शाश्वत। और तृतीया।का अर्थ है चंद्र पखवाड़े का तीसरा दिन। लोगों का मानना है कि इस दिन शुरू किया गया कोई भी काम हमेशा बढ़ता रहेगा और सकारात्मक परिणाम लाएगा। यही कारण है कि कई लोग नए काम शुरू करने, सोना खरीदने या महत्वपूर्ण अनुष्ठान करने के लिए अक्षय तृतीया को चुनते हैं। जैन धर्म में अक्षय तृतीया, जिसे इक्षु तृतीया भी कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, भगवान ऋषभदेव






(आदिनाथ) से जुड़ा है। यह दिन उनकी तपस्या के पारण के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने एक वर्ष की निर्जल तपस्या के बाद हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस द्वारा दिए गए गन्ने के रस (इक्षु रस) से पारणा किया था। इसलिए जैन धर्मावलंबी इस दिन गन्ने के रस का दान करते हैं, जो भगवान ऋषभदेव के पारणा की याद दिलाता है, इस उपलक्ष्य में जिनशासन प्रभावना संघ द्वारा इक्षु रस (गन्ने के रस) का वितरण किया गया। ध्रुव जैन, ऋषभ जैन, आयुष जैन, पीयूष जैन, अंकित जैन, दीपक जैन, शैंकी जैन अम्बर वाले, अक्षत जैन, अक्षत जैन, अर्पित जैन, राहुल जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन, उमड़ा सैलाब

**मीरापुर।** नगर में परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों, धर्मशालाओं और धार्मिक स्थलों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पडाव चौक स्थित नवनिर्मित धर्मशाला परिसर में भगवान श्री परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार रात्रि सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अगले दिन बुधवार को ट्रस्ट द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा और शुक्रताल दंडी आश्रम के महंत पंडित जनार्दन स्वरूप विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर परशुराम मंदिर एवं धर्मशाला के कक्षों की नींव रखी गई और भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के लोककल्याणकारी कार्यों का गुणगान किया गया। भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर उन्हें माल्यार्पण किया गया और विशिष्ट अतिथियों को ट्रस्ट द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल शर्मा ने की, जबकि संचालन सुधीर शर्मा ने किया। इस मौके पर कीर्तिभूषण शर्मा, विनोद भूषण शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द राज शर्मा, गोपाल शर्मा, मनोज कुमार, विकास द्विवेदी, सुभाष चंद शर्मा, तेजपाल सिंह, विजय सुमन (मेरठ), मयंक पराशर, दीनदयाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मीडिया सेंटर मीरापुर के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन में भाग लिया। इसी क्रम में मीरापुर बाईपास स्थित परशुराम मंदिर में भी परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित हरिओम शर्मा ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त सिद्धपीठ योगमाया मंदिर और श्रीहरि संकीर्तन मंडल द्वारा एकादशी मंदिर में अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विकास कौशिक ने जानकारी दी कि परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 3 मई को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# वार्षिक इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन मुकाबला रहा रोमांचक



**खतौली।** गोल्डन हार्ट अकेडमी खतौली में चल रहे वार्षिक इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए मैचों में नजदीक हार जीत होने से मुकाबला बहुत रोमांचक रहा। पहले मैच में मिडिल सेक्शन कक्षा 6 से 8 के यमुना हाउस व रावी हाउस की टीमें आपस में भिड़ी। यमुना हाउस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाड़ी अब्दुस समद कक्षा 8 के नाबाद 25 रनों की पारी के बावजूद 5 ओवर के खेल में 1 विकेट के नुकसान पर मात्र 33 रन ही बना सकी, जिसके जवाब में रावी हाउस ने बल्लेबाज़ देव कक्षा 7 के 11 रनों, के योगदान के बाद 3 विकेट के नुकसान पर अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर स्कोर बराबर कर दिया। परिणामस्वरूप मैच में हार-जीत के निर्णय के लिए सुपर ओवर खेला गया। सुपर ओवर में एक बार फिर यमुना हाउस के अब्दुस समद ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए नाबाद 11 रन बनाए व स्कोर को 14 रन तक पहुँचाया। जवाब में रावी हाउस की टीम सुपर ओवर में 1० रन ही बना पाई और इस तरह यमुना हाउस की टीम विजयी रही। यमुना हाउस के छात्र अब्दुस समद कक्षा 8 अपने हरफनमौला प्रदर्शन 36 रन व 1 विकेट के कारण मैन ऑफ़ द मैच घोषित किए गए। दिन का दूसरा मैच भी सेकेंडरी सेक्शन कक्षा 9 से 12 के यमुना हाउस और रावी हाउस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर यमुना हाउस की टीम ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया, परन्तु रावी हाउस के अहमद हसन की घातक गेंदबाज़ी के कारण 7 ओवर में 6 विकेट खोते हुए 48 रनों पर सिमट गई। जवाब में रावी हाउस ने यमुना हाउस की लचर गेंदबाज़ी के चलते मात्र 4 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 48 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर विजयश्री प्राप्त की। अपनी खतरनाक गेंदबाज़ी 4 विकेट व टीम के लिए महत्वपूर्ण 8 रन जोड़ने के लिए खिलाडी अहमद हसन कक्षा 9 को मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। आज के मैचों को देखने के लिए विशेष रूप से समन्वयक जगदीश चंद सती व गोपाल शर्मा भी दर्शकों में मौजूद रहे व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक अकील अहमद तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रुहामा अहमद ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शाबाशी देने के साथ ही हारने वाली टीमों को अगले वर्ष और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## आतंकी हमले के विरोध में सीनियर सिटीजन का प्रदर्शन

**खतौली।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सीनियर सिटीजन ने पहलगाम आतंकी हमले पर विरोध जताया है। ज्ञापन देते हुय मांग कि गई कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना समय की आवश्यकता है। और इसके लिए ठोस नीति अपनाई जानी चाहिए। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में आक्रोश की लहर है। इसी कड़ी में स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई है। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि अब समय आ गया है, जब सरकार को पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि देश की सुरक्षा के लिए



किसी भी हद तक जाकर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे कायराना हमले न दोहराए जाएं। ज्ञापन देने वालों में डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता, हरपाल सिंह, कामेश्वर लाल उजाला आदि लोग मौजूद रहे।




# नौकरी देने का काम भी करता है एमेजॉन

**दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं।**

दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। यह दुनियाभर में शॉपिंग के लिए सबसे जाना-माना और फेमस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। दुनियाभर से कई सारे लोग इस शॉपिंग एप्प से शॉपिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं। वहीं इनमें से एमेजॉन एक ऐसी भी नौकरी देता है। जिसमें आपको पूरा दिन नौकरी करने की जरूरत नहीं है। आपको सिर्फ दिन के 4-5 घंटे ही काम करना होगा। जिसके बदले में आपको 60-90 हजार रुपए तक की सैलरी उठाने का मौका मिलेगा। तो ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप एमेजॉन में कैसे सिर्फ कुछ घंटे काम कर हजारों रुपए कमा सकते हैं।

## जानिए कैसे कमाएं

आपको बता दें कि इसमें डिलीवरी बॉय की नौकरी कर आप महीने में 60-90 हजार रुपए तक आराम से कमा सकते हैं। इसमें आपको शॉपिंग करने वाले कस्टमर्स के पास उनका पैकेज डिलीवर करना होगा। डिलीवरी बॉय एमेज़ॉन के वेयरहाउस से कस्टमर्स के घर तक पैकेज को सही सलामत डिलीवर करना होता है। वहीं डिलीवरी रेंज 10-15 किमी के बीच होती है। जिसमें बहुत अधिक समय नहीं लगता है। यानी की आप सिर्फ दिन के 4-5 घंटे काम कर 100 से 150 पैकेज डिलीवर कर सकते हैं। वहीं एमेजॉन कंपनी की तरफ से एक डिलीवरी पर 20 रुपए दिए जाते हैं। ऐसे में अगर आप एक दिन में 100 पैकेज डिलीवर करते हैं। तो आपकी एक दिन की कमाई 2000 रुपए होगी। इस तरह से आप महीने में 60,000 रुपए कमा सकते हैं। वहीं एक दिन में 150 पैकेज डिलीवर करने पर आप दिन में 3,000 तो वहीं महीने में 90,000 रुपए तक कमा सकते हैं।

## जानिए कैसे करें अप्लाई

- डिलीवरी बॉय की नौकरी के लिए सबसे पहले आप इसके ऑफिशियल वेबसाइट पर क्लिक कर जॉब के लिए अप्लाई करें।
- फिर अपनी डिग्री, मार्कशीट, खुद की गाड़ी का प्रूफ, ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी के पेपर आदि सबमिट करें।
- इसके बाद आपको डिलीवरी के दौरान ध्यान रखने वाली सभी बातों के बारे में बताया जाएगा और ट्रेनिंग दी जाएगी।
- यह प्रोसेस पूरा होने के बाद आप नौकरी करना शुरूकर सकते हैं।
- हालांकि डिलीवरी के दौरान होने वाला पेट्रोल-डीजल का खर्चा आपको खुद ही उठाना पड़ता है।



# कैसे बनाएं फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर?

**फिल्म में करियर बनाने का सपना कई लोगों का होता है। अगर आप भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहती हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आपको कुछ जानकारी जरूर होनी चाहिए।**

कई लोगों का फिल्म देखना पसंद होता है तो वहीं कुछ लोग यह चाहते हैं कि वह भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बना पाएं। आप आसानी से इस ग्लैमर्स इंडस्ट्री में अपना करियर बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको यह डिसाइड करना चाहिए कि आप फिल्म इंडस्ट्री में किस फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसके बाद आप धीरे-धीरे उस फील्ड में काम को सीख कर अपना करियर बना सकती हैं।

## इन कोर्स में करें अप्लाई

- एक्टिंग कोर्स
- फिल्म निर्देशक कोर्स
- फिल्म प्रोडक्शन कोर्स
- सॉउंड रिकॉर्डिंग एंड इंजीनियरिंग
- वीडियो प्रोडक्शन
- विज़ुअल कम्युनिकेशन
- सिनेमेटोग्राफी
- लाइटनिंग एंड कैमरा
- वॉइस ओवर आर्टिस्ट

## कला निर्देशन/सेट डिजाइनिंग

आप जिस भी फील्ड में कोर्स करती हैं उसमें आपको के विषय बारे में बेहतर तरह से बताया जाता है और आप कोर्स करने के बाद किसी टीवी शो या फिर फिल्म में इंटर्नशिप कर सकती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में हर कोर्स की फीस अलग-अलग होती है। आपको बता दें कि यह फीस लगभग 80,000 रुपये से लेकर 1, 50,000 रुपये प्रतिवर्ष तक होती है। इन पाठ्यक्रमों की समय अवधि 6 माह से दो वर्ष तक की होती है।

## किस कॉलेज से करें पढ़ाई?

अगर आप इन कोर्स को करना चाहते हैं तो आप इन कॉलेज में अप्लाई कर सकती हैं।

- फिल्म इंस्टीट्यूट, पुणे
- नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली
- सत्यजीत रे फिल्म इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- दिल्ली फिल्म इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- सुभाष घई की व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल
- अनुपम खेर की एक्टर प्रिपेयर्स इंस्टीट्यूट

इनके अलावा भी तमाम तरह के कोर्स फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए संचालित किए जाते हैं। आपको जिस भी सेक्टर में रुचि हो उसमें एडमिशन ले सकती हैं। अगर इंटर्नशिप के दौरान आपने अच्छा परफॉर्म करती हैं तो आपको इस दौरान जॉब ऑफर हो सकती है।

## अगर एक्टिंग में है इंटरेस्ट

अगर आप फिल्मों में अभिनय करना चाहती हैं तो आपको एक्टिंग कोर्स पूरा करना होगा। इस कोर्स को अगर आप किसी अच्छे कॉलेज से करती हैं तो वह आपके लिए ज्यादा बेहतर होगा क्योंकि वहां पर आप प्रैक्टिकली चीजों को समझ पाएंगी और अच्छे कॉलेज या फिल्म इंस्टीट्यूट में आपको फिल्में या शो भी ऑफर किए जाते हैं। जिसमें आप काम कर सकती हैं और अपनी एक्टिंग की स्किल्स को बेहतर बना सकती हैं। इस फील्ड में आपके पास जितना ज्यादा एक्सपीरियंस होगा आपका करियर उतना बेहतर होने की संभावना होती है।





# गेमिंग इंडस्ट्री में नौकरी के मिलेंगे बेहतरीन अवसर

**समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। ऐसे में आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं।**

आजकल के युवा अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन बता दें कि इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा भी कई ऐसे कोर्सेज हैं, जिनको करने के बाद आप अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। साथ ही इन कोर्स को करने में कम पैसा खर्चा होता है। साथ ही इन कोर्स को करने के बाद आप जॉब के अलावा अपना खुद का बिजनेस भी शुरूकर सकते हैं। आपको बता दें कि समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। आज के दौर में न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े लोगों के बीच भी गेम खेलने का शौक देखने को मिलता है। इस दौर में हर कोई ऑनलाइन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण यह फील्ड अरबों डॉलर का हो गया है। ऐसे में अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो रोजाना कई घंटे गेम खेलते हुए अपना समय कंप्यूटर या मोबाइल पर बिताते हैं। ऐसे में आप भी इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अच्छी सैलरी उठा सकते हैं। आपको बता दें कि आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस फील्ड में जाना चाहते हैं। तो आप किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से गेमिंग में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और स्नातक की डिग्री का कोर्स कर सकते हैं।


## यहां हैं जॉब ऑप्शन

हांलाकि अब गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना काफी आसान हो गया है। ऐसे में आप भी ऊपर बताए गए कोर्स को करने के बाद इस फील्ड में अपना भविष्य बना सकते हैं। इस फील्ड में आप गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, गेम प्रोड्यूसर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। इसके अलावा आजकल मॉल्स आदि में भी गेम जोन बने होते हैं। जिनसे अच्छी खासी कमाई की जा सकती है।

## कोर्स

- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन





# इंटरव्यू में बार-बार मिल रही असफलता तो अपनाएं ये टिप्स

**किसी भी जॉब इंटरव्यू के लिए कम्युनिकेशन स्किल का अच्छा होना जरूरी होता है। क्योंकि इंटरव्यू के दौरान आपकी स्थिति को बढ़ाने व बिगाड़ने की क्षमता कम्यूनिकेशन के पास होती है। ऐसे में इन टिप्स को फॉलो कर कम्यूनिकेशन स्किल को मजबूत और बेहतर कर सकते हैं।**

अक्सर देखा जाता है कि इंटरव्यू के दौरान कैंडिडेट थोड़ा नर्वस रहते हैं। इसका मुख्य कारण कांफिडेंस की कमी का होना माना जाता है। ऐसे में अगर आप कॉन्फिडेंट होते हैं, तो आप किसी भी इंटरव्यू को आसानी से पार कर सकते हैं। ऐसे में अब आप सोच रहे होंगे कि कांफिडेंस कैसे बढ़ता है, तो बता कि कम्युनिकेशन स्किल में कमी होने पर कांफिडेंस कम होता है। क्योंकि अगर किसी उम्मीदवार की कम्युनिकेशन स्किल कमजोर होती है, तो वह डरा-सहमा महसूस करता है। फिर चाहे वह कितना भी जानकार क्यों न हो।

## कैसे बढ़ाएं कम्यूनिकेशन स्किल

किसी भी जॉब इंटरव्यू के लिए कम्युनिकेशन स्किल का अच्छा होना काफी जरूरी होता है। क्योंकि इंटरव्यू के दौरान आपकी स्थिति को बढ़ाने व बिगाड़ने की क्षमता कम्यूनिकेशन के पास होती है। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपनी कम्यूनिकेशन स्किल को मजबूत और बेहतर कर सकते हैं।

## ठीक से सुने प्रश्न

इंटरव्यू के दौरान पूछे गए प्रश्नों को ध्यान से सुनकर तभी उत्तर देना चाहिए। क्योंकि जब आप अच्छे से सवाल को समझेंगे तो उसका उचित उत्तर दे सकेंगे। वहीं आपका यह तरीका इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति पर आपकी अलग छाप छोड़ता है।

## स्पष्ट और सरल भाषा में दे जवाब

इंटरव्यू के दौराम आपको आसानी से समझ आने वाली भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान आप सरल और स्पष्ट तरीके से अपनी बात रखें। सरल भाषा के इस्तेमाल से आप शब्दजाल में नहीं फसेंगे। साथ ही कम शब्दों से सही से जवाब दें। क्योंकि अगर आप बहुत लंबा उत्तर देते हैं, तो यह सामने वाले व्यक्ति को विचलित कर सकता है।

## पॉजिटिव बॉडी लैंग्वेज

इंटरव्यू के दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज का पॉजिटिव होना बहुत जरूरी है। आई कॉन्टैक्ट और हाथों के इशारों का इस्तेमाल करें। इससे इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति को लगेगा कि आपके अंदर कांफिडेंस है। इस दौरान आपको पेशेवर और औपचारिक लहजा अपनाना चाहिए। भले ही फिर आप कितने ही चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना क्यों न कर रहे हों।

## लचीलापन

इस दौरान अपने कम्यूनिकेशन में लचीलापन जरूर रखें। इससे सामने वाले पर आपका अच्छा इम्पैक्ट पड़ेगा। क्योंकि कुछ लोग औपचारिक तरीके से तो कुछ लोग अन्य अनौपचारिक तरीके से बातचीत करना पसंद करते हैं।

## मजेदार तरीके से दें जवाब

किसी भी प्रश्न के जवाब में आप उदाहरण के तौर पर सिचुएशन, टास्क, एक्शन, रिजल्ट मेथेड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका जवाब थोड़ा इंट्रेस्टिंग बन सकता है।

# दिल्ली में कैसे बढ़ेगी स्कूलों की फीस, क्या-क्या लगाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने कैबिनेट बैठक में नए बिल के मसौदे को मंजूरी दे दी। इस बिल के अनुसार, फीस वृद्धि से पहले अनुमति लेनी होगी। तीन स्तर पर कमेटी फीस बढ़ोतरी तय करेगी। मनमानी करने वाले स्कूलों पर 10 लाख रुपये तक जुर्माना लगेगा। यह बिल अगले सत्र में पेश किया जाएगा। दिल्ली सरकार मनमानी फीस बढ़ोतरी और इसे लेकर अभिभावकों-छात्रों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ सख्त कानून लाने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इससे जुड़े बिल ट्रांसपेरेंसीइन फिक्ससेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025 के मसौदे को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि फीस तय करने में अभिभावकों की भी भूमिका होगी। शिक्षा मंत्री अशीष सूद ने बताया कि नए कानून के अनुसार तीन स्तर पर कमेटी फीस तय करेगी। पहली समिति स्कूल स्तर पर होगी। स्कूल प्रबंधन प्रतिनिधि की अध्यक्षता में गठित



इस समिति में प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक और पांच अभिभावक होंगे। यह कमेटी हर साल 31 जुलाई को गठित की जाएगी। कमेटी को 30 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। समिति में फीस बढ़ोतरी पर सहमत नहीं है तो मामला जिला शुल्क अपील समिति के पास जाएगा। समिति में सीए, जोनल उपनिदेश, क्षेत्रीय लेखाधिकारी, शिक्षक और अभिभावक प्रतिनिधि होंगे। इस समिति को 45 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। अगर यह समिति फीस नहीं तय कर पाती है तो शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, सीए, लेखा नियंत्रक, निजी स्कूल प्रतिनिधि और अभिभावक प्रतिनिधि होंगे। तीन वर्ष में एक बार रेटिंग से तय होगी बढ़ोतरी बिल में बताया गया है कि स्कूल फीस तय करने का आधार क्या होगा। मसलन स्कूल की पढ़ाई कैसी है। उनकी वित्तीय स्थिति क्या है। स्कूल में क्या सुविधाएं मिल रही हैं। परिणाम क्या आ रहे हैं, इन तथ्यों को आधार बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री अशीष सूद ने बताया कि एक बार तय फीस अगले तीन अकादमिक वर्षों तक लागू रहेगी। इससे अभिभावकों को राहत मिलेगी और अनिश्चितता कम होगी। राजधानी दिल्ली में मनमानी फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों पर दिल्ली सरकार कई तरह से नकेल कसने वाली है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि स्कूल अगर समितियों की ओर से तय फीस को नहीं मानते हैं तो उनपर एक से दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर स्कूल का लाइसेंस रद्द करने के साथ उसे टेकओवर भी किया जा सकता है। बच्चों के साथ फीस न देने पर किसी छात्र का नाम काटना, परिणाम रोकना, कक्षा या गतिविधियों से वंचित करना, सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर स्कूल पर प्रति बच्चा 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान कानून में किया गया है।

## तुम्हारे बुरे दिन शुरू हैं, अगर ये काम 24 घंटे में बंद नहीं किया...; रेखा के मंत्री ने किसे दी चेतावनी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की रेखा सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि नटवरलाल केजरीवाल जी इस पूरी दिल्ली में अव्यवस्था फैलाकर गए थे। उनके द्वारा फैलाई गंदगी को मैं एक-एक करके साफ करता जा रहा हूं। झुग्गियों में रहने वाले लोगों के लिए शौचालय बनाने की बात करते हुए इल्लीगल ढाबे वालों को चेतावनी दी है। सिरसा ने कहा कि तुम्हारे बुरे दिन शुरू हो गए हैं।




सिरसा ने कहा कि झुग्गियों में रह रहे लोग सम्मान से शौचालय जा सकें इसके लिए उन्हें आज नया शौचालय दिया है। इस इलाके में गैरकानूनी ढाबों को बंद करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया था जिसमें 90त्न लोग इन्हें बंद करके चले गए। लेकिन, अभी भी जो लोग गैरकानूनी काम कर रहे हैं, कोई नशे का काम करता है, कोई शराब बेचता है, कोई सट्टा चलाता है। मैं इन लोगों को बताना चाहता हूं कि तुम्हारे बुरे दिन शुरू हैं।

मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि जितनी जल्दी इस धंधे को बंद करके अपने काम में आ जाओगे, बच जाओगे। अगर काबू में नहीं आओगे, तो बचने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सिरसा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस देश में कानून के साथ रहना होगा। दिल्ली के अंदर कानून के साथ रहना होगा। 10 साल तुम लोगों ने बहुत बदमाशी कर ली। अब वो सब काम खत्म हो गया है। अगर तुम लोगों ने ये काम मेरे इलाके से 24 घंटे में बंद नहीं किया तो अपना हश्र देखना क्या होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर नई मुसीबत, 2000 करोड़ के एक और घोटाले में एफआईआर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कथित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग केस में लंबे समय तक जेल में रह चुके दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन नई मुसीबत में घिर गए हैं। आम आदमी पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेताओं पर अब कथित क्लासरूम घोटाले में केस दर्ज गिया गया है।

### दिल्ली के कॉलेज के ऐसे हाल, क्लास के दौरान महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के सिर पर गिरा पंखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज में सोमवार को हुए एक हादसे में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर बाल-बाल बच गईं। दरअसल क्लास के दौरान वहां लगा सीलिंग फैन अचानक गिर गया, जिसके चलते वहां मौजूद महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के सिर में चोट लग गई। इस घटना के बाद का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रोफेसर दर्द से कराहती हुई अपना सिर पकड़े बैठी हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि टूटा हुआ पंखा फर्श पर पड़ा है। कॉलेज प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि, यह दुर्घटना शैक्षणिक ब्लॉक के कमरा नंबर 32 में हुई। हम प्रोफेसर को तुरंत अस्पताल ले गए। अब उनकी हालत स्थिर है। आगे उन्होंने कहा, इस घटना के बाद हमने इमारत में लगे सभी सीलिंग फैन का निरीक्षण और मरम्मत शुरू करवा दी है, इसके साथ ही कॉलेज भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट भी चल रहा है। उधर पंखा गिरने की इस घटना के बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया है। जिसके बाद कालिंदी कॉलेज छात्र संघ ने मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपकर बुनियादी ढांचे के पूर्ण ऑडिट और तत्काल मरम्मत की मांग की। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (ष्ठस्) के अध्यक्ष रौनक खत्री ने इस घटना को लेकर एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने इसकी कड़ी निंदा की और विश्वविद्यालय प्रशासन से तीन महीने के भीतर जर्जर कॉलेज भवनों की पहचान करने और उनकी मरम्मत करने के लिए एक समिति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने ऑडिट निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की मांग भी की।

### इमरजेंसी और आतंकी हमले से निपटने को दिल्ली एयरपोर्ट तैयार, बनेगा कमांड सेंटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट पर किसी भी आतंकी घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए उपराज्यपाल की तरफ से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इसके लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर स्थान दिया गया है। एयरपोर्ट पर आतंकी हमला, केमिकल हमला, विमान क्रैश और भूकंप जैसी स्थिति से निपटने के लिए यह कमांड सेंटर काम करेगा। आपात स्थितियों से निपटने के लिए एयरपोर्ट के प्रत्येक कर्मचारी को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट देश के सबसे सुरक्षित एयरपोर्ट में शामिल है। यहां किसी प्रकार का आतंकी हमला, केमिकल हमला, तेज भूकंप, बाढ़ या विमान क्रैश होता है तो उससे निपटने के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार की तरफ से एयरपोर्ट पर इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मौजूद अधिकारी एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ, पुलिस, डायल कर्मचारी, दुकानदार, सुरक्षाकर्मी, लोडर, एयरलाइंस कर्मचारी आदि को आपातकाल स्थिति के लिए प्रशिक्षण देंगे। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी एजेंसियां सुरक्षा से लेकर यात्रियों की सहायता करने में बेहतर कार्य कर रही हैं।

## वीजा वाले भेजे गए पाकिस्तान, क्यों बची हुई है सीमा हैदर; कहां फंस रहा पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया। यूपी समेत देशभर से अब तक सैकड़ों ऐसे लोगों को वापस पाकिस्तान भेजा जा चुका है। लेकिन भारत में अवैध रूप से आई सीमा हैदर की पाकिस्तान वापसी पर असमंजस बरकरार है।



कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने सीमा हैदर को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) से सीमा हैदर के दस्तावेज सत्यापन संबंधी जवाब नहीं आए हैं। ऐसे में न्यायालय में अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक सीमा हैदर को लेकर कोई नया निर्देश फिलहाल नहीं आया है। सीमा हैदर के भारत में नागरिकता के लिए आवेदन करने और विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) दस्तावेज सत्यापन की रिपोर्ट नहीं मिलने से सीमा हैदर के खिलाफ कोई निर्णय नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमा का मामला अलग तरीके का है और न्यायालय में विचाराधीन है। जैसा आदेश मिलेगा, आगे वैसा ही किया जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तय समय के भीतर वतन वापस भेजने का निर्णय लिया गया है। सैकड़ों पाकिस्तानी नागरिक लौट चुके हैं। इन सब में सीमा हैदर का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सीमा की तरफ से कहा गया है कि वह भारत में ही रहना चाहती है, क्योंकि अब उसकी जिंदगी यहां बस चुकी है। वहीं, सीमा हैदर के वकील एपी सिंह का कहना है कि सीमा ने हिंदू धर्म अपनाकर सचिन मीणा से विवाह किया है।

## दिल्ली पुलिस चेकिंग में दो बदमाश गिरफ्तार, चलती गाड़ी से कूदे नीचे; चोट लगने से एक की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश की। जिसे थोड़ी दूर पीछा करके पकड़ लिया गया। पुलिस को बाइक सवार एक आरोपी के पास से देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बाइक को भी जब्त कर लिया गया। इसके बाद जब पुलिस उन्हें थाने ले जा रही थी तो दोनों चलती गाड़ी से कूद गए जिसमें उन्हें चोटे आईं। पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान एक बदमाश की मौत हो गई।




घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे नियमित मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग के दौरान, हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह और कांस्टेबल नितेश ने मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या ष्ठरुस्क्क7699) पर सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध व्यवहार करते देखा। जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया, तो दोनों ने भागने की कोशिश की। लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान 28 साल के विकास उर्फ ??मजनू पुत्र महेश्वर मंडल निवासी समालका, नई दिल्ली और रवि साहनी उर्फ ??रवि कालिया, पुत्र सुशील दास साहनी निवासी समालका, नई दिल्ली उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। व्यक्तिगत तलाशी लेने पर आरोपी विकास उर्फ ??मजनू के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। यह चोरी की बाइक थी जिसे लेकर मोटर व्हीकल ऐक्ट की धारा 317(2) बीएनएस पीएस पालम गांव में चोरी का मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच की गई और उन्हें सरकारी वाहन में पीएस वसंत कुंज उत्तर के पुलिस लॉक-अप में ले जाया जा रहा था। ट्रांजिट के दौरान, वसंत कुंज उत्तर पुलिस स्टेशन के पास, दोनों धीमी गति से चल रहे वाहन से नीचे कूद गए और उन्हें चोटें आईं। उन्हें तुरंत आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां रवि साहनी उर्फ ??रवि कालिया को मृत घोषित कर दिया गया। मामले पर कानूनी प्रक्रिया (न्यायिक जांच) के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## दिल्ली में एक हफ्ते लू से राहत, 40 डिग्री से नीचे रहेगा तापमान; आईएमडी ने बताया कब हो सकती है बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के लोगों के लिए अगले कुछ दिन राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह के लिए लू नहीं चलने की संभावना जताई है। मंगलवार को भी राजधानी का मौसम खुशनुमा रहा। आंशिक रूप से बादल और हवाओं में नमी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, दो से आठ मई के बीच तेज हवाओं के साथ प्री-मानसून बारिश हो सकती है।

वहीं, मंगलवार को राजधानी के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक था। आर्द्रता का स्तर अधिकतम 63 फीसदी और न्यूनतम 34 फीसदी रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और सतह पर 20 से 30 किलोमीटर प्रति तक की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। अधिकतम



तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कहा कि पांच मई तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम ही दर्ज होने की संभावना है। इन दिनों में लू नहीं चलने की संभावना है। उधर, राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। सीपीसीबी के अनुसार, मंगलवार शाम चार बजे एक्यूआई 209 अंकों के साथ खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस महीने दिल्ली में तापमान सामान्य से ऊपर रहा है, जिससे यह तीन साल में सबसे गर्म अप्रैल बन गया है। तापमान में वृद्धि का कारण कम सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, साफ आसमान और शुष्क पश्चिमी हवाएं हैं।

## उसे खोना नहीं चाहता...डॉक्टर ने जब्त कार को बताया दिल के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक डॉक्टर के अपनी कार के प्रति लगाव को देखते हुए उसे रिलीज करने के आदेश दिए हैं। कार की 15 साल की उम्र पूरी होने पर नगर निगम ने इसे जब्त कर लिया था, लेकिन डॉक्टर की याचिका के तथ्यों को देखते हुए उसे छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने डॉक्टर के पक्ष में फैसला सुनाते हुए दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि जीवन समाप्त कर चुके वाहन को स्क्रैप ना करें। इस वाहन को उसके मालिक को सौंपते समय निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। दरअसल, डॉक्टर ने याचिका दायर कर कहा था कि उनकी शेवरले कार की 15 साल की उम्र पूरी हो चुकी है। उनकी कार क्लीनिक के बाहर खड़ी थी। इसको नगर निगम उठाकर ले गया है। इस कार से उनके परिवार की बहुत सी यादें जुड़ी हैं। वह इसको खोना नहीं चाहते। वह अपनी कार को अपनी यादों की धरोहर के तौर पर अपनी निजी संपति पर संभाल कर रखना चाहते हैं। वह हर वो शर्त मानने को तैयार हैं, जो सरकार अथवा अन्य संबंधित विभागों द्वारा इस तरह के मामलों में लागू की गई हैं। पीठ ने सरकार द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार चार पहिया कार को छोड़ने के एवज में दस हजार का हर्जाना जमा कराने के निर्देश दिए। डॉक्टर को कहा कि वह हलफनामा दाखिल कर आश्वासन दें कि कार के रिलीज होने के बाद वह इसे सड़क या गली में नहीं चलाएंगे।

## 400 एकड़ में बनेगा नया तिहाड़? जेल प्रशासन ने सरकार को लिखा पत्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बजट पेश करने के बाद तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर नए परिसर के लिए 400 एकड़ भूमि की पहचान और आवंटन करने का अनुरोध किया है। नई जेल में 8,000 कैदियों को रखने की क्षमता होने की संभावना है। इस संबंध में कुछ दिन पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग को आधिकारिक पत्र भेजा गया था। पत्र में, तिहाड़ प्रशासन ने 5,000 से 8,000 कैदियों को रखने की क्षमता वाली नई जेलों के निर्माण के लिए भूमि की तुरंत जरूरत पर जोर दिया है। यह कदम मौजूदा जेल सुविधाओं पर गंभीर दबाव को कम करने के लिए आवश्यक माना जाता है, जो पहले से ही क्षमता से कहीं अधिक काम कर रही हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि नरेला में हाई सिक्योरिटी वाली जेल के निर्माण की परियोजना से कैदियों की अधिक संख्या की समस्या का समाधान होने की संभावना नहीं है, क्योंकि इस जेल के लिए स्वीकृत क्षमता केवल 256 है, जो कैदियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए बहुत कम है। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, नए परिसर को जेलों में भीड़भाड़ की बढ़ती समस्या के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जा रहा है, खासकर तिहाड़ में, जो देश की सबसे बड़ी जेलों में से एक है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री परेशान, 100 विमानों ने देरी से भरी उड़ान

### 4 मई तक रह सकती है दिक्कत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली एयरपोर्ट पर हवा की दिशा के बदलाव का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। दिल्ली एयरपोर्ट से लगभग 100 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इनमें 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट के आसपास पूर्वी दिशा से हवा चल रही है जिसके चलते विमानों के उतरने में परेशानी हो रही है। इसकी वजह से विमानों की उड़ान पर भी असर देखने को मिल रहा है। एयरपोर्ट के टर्मिनल एक एवं तीन से मंगलवार को लगभग 100 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से इसे लेकर जानकारी भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। उन्हें बताया गया है कि घर से निकलने से पूर्व विमान कंपनी से उड़ान के समय की जानकारी हासिल कर लें ताकि एयरपोर्ट पर परेशानी का सामना न करना पड़े। पूर्वी



दिशा से हवा चलने की वजह से यह समस्या आगामी 4 मई तक रह सकती है। अपग्रेडेशन काम के चलते एक रनवे को बंद किया गया है जिसकी वजह से भी यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को, दिल्ली अंतरराराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायर) ने एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें कहा गया कि एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में हवा के पैटर्न में बदलाव के कारण, कुछ उड़ानों के परिचालन में देरी हो सकती है। दिल्ली एयरपोर्ट ने देरी के संबंध में सोमवार को कम से कम तीन पैसेंजर गाइडलाइन जारी किए, जिनमें से पहला सुबह 9 बजे जारी किया गया था। मंगलवार शाम 6.23 बजे दिल्ली एयरपोर्ट द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया, एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट उपायों को कल (बुधवार) 20.30 बजे से 00.30 बजे तक एटीसी अधिकारियों द्वारा लागू किया जाएगा ताकि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अंतरराष्ट्रीय और रेगुलेटरी प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बता दें कि एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर मेंटेनेंस और अपग्रेड का काम चल रहा है। टर्मिनल 2 पर परिचालन 15 अप्रैल से बंद कर दिया गया था और सभी उड़ानों को टर्मिनल 1 पर डायवर्ट किया गया है।

# दो संविदाकारों पर 2.50 लाख का जुर्माना, भंगेल-सलारपुर मार्ग होगा अतिक्रमण मुक्त

**नोएडा।** औद्योगिक शहर नोएडा में नालों की एवं मैकेनिकल सफाई व्यवस्था लचर पाये जाने पर आज दो संविदाकारों पर निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ ने 2.50 लाख रुपए का अर्थदण्ड लगा दिया। एसीईओ द्वारा की गई कार्रवाई से शहर के अन्य संविदाकारों में हड़कंप मचा हुआ है।



बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने भंगेल एलिवेटिड रोड एवं जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एलिवेटिड रोड के नीचे सड़क अनुरक्षण एवं फुटपाथ, सैन्ट्रल वर्ज आदि कार्यों को यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान भंगेल में सुपर सकर मशीन से नाले की सफाई का कार्य प्रगतिरत पाया गया। वहीं नाले में अनेक जगहों पर फ्लोटिंग मैटेरियल (तैरते हुए पदार्थ या तैरता हुआ सामग्री) पाया गया। जिसे नियमित रूप से नहीं निकाला जा रहा था। पूर्व में भी इस सम्बन्ध में संबंधित विभाग द्वारा निर्देश दिये गये थे। इस पर एसीईओ ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संविदाकार मैसर्स अमृत कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी लगा दी। एसीईओ ने वर्क सर्किल-8 क्षेत्र के सभी वेण्डरों को डबल डस्टबिन रखने एवं कूड़ा, कूड़े की गाड़ी को ही देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसीईओ को ग्राम भंगेल सलारपुर में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ एवं मार्ग पर अतिक्रमण पाया गया तथा काफी संख्या में अवैध वेण्डर भी लगे पाये गये। उन्होंने वर्क सर्किल-8 को अभियान चलाकर फुटपाथ एवं सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम भंगेल सलारपुर डीएससी मार्ग पर एजेंसी मैसर्स न्यू मॉडर्न एंटरप्राइजेज द्वारा करायी जाने वाले मैकेनिकल सफाई उचित नहीं पायी गई जिसके संबंध में एंटरप्राइजेज पर 2 लाख रुपए की पेनल्टी एसीईओ द्वारा लगाई गई।

# महिला से 84 लाख की ठगी में बैंक का कर्मचारी गिरफ्तार

**नोएडा।** डिजिटल अरेस्ट कर महिला के साथ 84 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने निजी बैंक के कर्मचारी को बुधवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से मोबाइल और दस्तावेज बरामद हुए। उसके तीन साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि बीते साल एक महिला ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि ठगों ने उसे 23 जून से 25 जून 2024 तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान पार्सल में ड्रग्स होने का डर दिखाया। जांच के नाम पर पूरी जमा पूंजी विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा ली। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने केस दर्ज किया और ठग गिरोह तक पहुंचने के लिए एक टीम गठित की। इसी साल ठगी में शामिल राम सिंह, नरेंद्र और अक्षय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में निजी बैंक के कर्मचारी सीतापुर निवासी सोनू पाल की भी संलिप्तता सामने आई। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस बीते कई दिनों से संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आखिर बुधवार को टीम ने सोनू पाल को दबोच लिया। जिस निजी बैंक का वह कर्मचारी है, वहां के प्रबंधन को भी सोनू की ठगी में संलिप्तता की जानकारी दे दी गई है। सोनू ने ही राम सिंह का खाता खुलवाया था और किट अपने पास रख ली थी। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में ठगी के 69 लाख रुपये कई बार में ट्रांसफर हुए थे। कमीशन के तौर पर सोनू ने कई लाख रुपये अपने पास रख लिए थे। सोनू का मुख्य काम ठगी के लिए ठगों को बैंक खाते मुहैया कराने का था। वह पूर्व में हुई साइबर ठगी में भी ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करा चुका है। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में अबतक करोड़ों रुपये आ चुके हैं।

पूछताछ में सामने आया कि सोनू भोले भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने समेत अन्य लुभावने ऑफर देता था। किसी के घर में अगर कोई बीमार हो और उसे तुरंत लोन की आवश्यकता हो तो सोनू उसे मदद के नाम पर झांसे में लेता था और खाते खुलवा लेता था। बैंक किट सोनू अपने पास ही रख लेता था। कुछ समय बाद बैंक खाते और उससे संबंधित पूरी जानकारी ठग गिरोह के पास पहुंच जाती थी। इसके एवज में सोनू ठग गिरोह से मोटी रकम लेता था। जब खातों में ठगी की रकम आती थी, तब भी सोनू को कमीशन मिलता था। बीते एक साल से वह इस प्रकार का काम कर रहा है। करीब 22 साल पहले वह सीतापुर से चंडीगढ़ गया था। वर्तमान में वह वहां फेज दो में रह रहा था।

# नाइजीरियन नागरिक ने फ्लैट ओनर को पीटा मारपीट

**नोएडा।** के ग्रेटर नोएडा से एक नाइजीरियन नागरिक की ओर से फ्लैट ओनर के साथ मारपीट की घटना सामने आ रही है। दरअसल यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-22 डी में स्थित अफॉर्डेबल सोसायटी में एक नाइजीरियन नागरिक रेंट पर रहता है। कई दिनों से रेंट देने के नाम पर वह बहला-फुसला रहा था, उससे दोबारा मंगलवार रात जब रेंट मांगा तो आक्रोशित होकर फ्लैट ओनर के साथ मारपीट करने लगा।

थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-22 डी की अफॉर्डेबल सोसायटी में रेंट को लेकर फ्लैट ओनर और किरायेदार के बीच विवाद हो गया। एक नाइजीरियन नागरिक ने फ्लैट ओनर रमेश वधावन के साथ मारपीट की। पूरी घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। रमेश वधावन ने बताया कि उनके दोस्त के फ्लैट में एक नाइजीरियन परिवार रहता है। कई दिनों से किराया मांगा जा रहा था। आरोपी टालमटोल कर रहा था, जब मंगलवार रात को फिर किराया मांगा गया तो वह आक्रोशित हो गया और रमेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। नाइजीरियन नागरिक ने घटना का वीडियो बना रहे व्यक्ति को भी बख्शा नहीं, उसके साथ भी मारपीट की।

**नोएडा पुलिस ने शुरू की जांचः** रमेश ने आगे बताया कि वह पिछले दो वर्षों से इस सोसायटी में रह रहे हैं। पास में सुपरटेक गोल्फ कंट्री सोसायटी है, जहां बड़ी संख्या में नाइजीरियन नागरिक रहते हैं। कुछ समय से वे उनकी सोसायटी में भी रहने लगे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।विदेशी नागरिकों के डर से लोग सोसायटी में रहने से कतरा रहे हैं। पीड़ित ने थाना दनकौर में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि लिखित शिकायत मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 1 करोड़ की जूलरी 5 लाख नकदी समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस द्वारा घरों में चोरी करने वाले 02 चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के 05 लाख रुपए नकद व जेवरात कीमत करीब 1 करोड रुपए बरामद किए गए है। चोरों की पहचान समरजीत और संदीप हुई है।

सेक्टर-41 में सौरभ जैन परिवार के साथ रहते है। वे कारोबारी है। समरजीत पीड़ित के घर में करीब 2.5 साल तक नौकर के रूप में काम कर रहा था। घटना को अंजाम देने से पहले उसे सौरभ ने घर से निकाल दिया था।

**नौकर और ड्राइवर ने मिलकर बनाया प्लानः** पुलिस ने बताया कि समरजीत और संदीप दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया था। समरजीत पीड़ित के फ्लैट पर घरेलू काम करता था। जिसे पीड़ित ने घर से निकाल दिया था। पीड़ित को शक था कि आरोपी का चाल चलन ठीक नहीं है। जिस समय समरजीत ने पीड़ित का घर छोड़ा उसके घर की एक डुप्लीकेट आबी बनवा ली थी। दूसरा आरोपी संदीप पीड़ित के घर का ड्राइवर है।



**डुप्लीकेट चाबी का किया प्रयोगः** समरजीत और संदीप दोनों की दोस्ती थी। समरजीत ने जब घर छोड़ने के बाद भी संदीप से मिलता रहता था। दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया। पीड़ित एक रात परिवार के साथ बाहर गए थे। उसी रात समरजीत और संदीप ने डुप्लीकेट चाबी का प्रयोग किया और घर में प्रवेश कर गए।

वहां अलमारी का लॉक खोला और नगदी और जूलरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की।

**5 लाख नगद और 1 करोड़ की जूलरी बरामदः** पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 5 लाख रुपए नगदी और 1 करोड़ कर जूलरी बरामद की गई।

इसमें दो चैन पीली धातु, दो चैन सफेद नग, 07 रिंग पीली धातु की नग लगी, 11 सिक्के पीली धातु , 64 सिक्के सफेद धातु, 13 सिक्के बडे सफेद व पीली धातु, 11 चूडिया पीली धातु नग लगी, 12 ईयर रिंग पीली धातु सफेद नग लगी, एक कर्ण फूल पीली धातु, एक ब्रेसलेट नग जडा बरामद किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## पिकअप निकालने को लेकर विवाद, लाठी-डंडों से हमला, 4 लोग घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में मंगलवार रात एक पिकअप गाड़ी को लेकर हुए विवाद में चार लोग घायल हो गए। घटना मोहल्ला अम्बेडकर नगर की है।

मोहल्ला शहीद नगर निवासी फिरोज अपने भाई आमिर और चचेरे भाई तालिब के साथ पिकअप लेकर रबूपुरा स्टैंड से घर लौट रहा था। मोहल्ला अंबेडकर नगर से गुजरते समय कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि अजीत, सोनू और एक युवती समेत कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली। पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में फिरोज, आमिर और तालिब गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीड़ित के भाई गुलफाम पर भी आरोपियों ने हमला किया। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने एक युवती समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सीमा हैदर ने अपनाया सनातन धर्म

**नोएडा।** वकील एपी सिंह ने सीमा हैदर के मामले में नया बयान दिया है। उन्होंने बताया कि सीमा ने सनातन धर्म अपनाया है और सचिन मीणा से शादी की है। सीमा की एक बेटी का जन्म भारत में हुआ है।

एपी सिंह ने स्पष्ट किया कि सीमा का हाल ही में हुए पहलगाम हमले से कोई संबंध नहीं है। उनका मामला बिल्कुल अलग है। वर्तमान में सीमा अपनी बीमार बेटी का अस्पताल में इलाज करवा रही हैं। उत्तर प्रदेश एटीएस, पुलिस और अन्य एजेंसियां सीमा हैदर के मामले की जांच कर रही हैं। सीमा से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज एजेंसियों के पास हैं। जांच प्रक्रिया नियमानुसार चल रही है। वकील ने लोगों से जांच एजेंसियों पर विश्वास रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार को कुचला, मौत

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में दादरी रेलवे ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दादरी कोतवाली क्षेत्र के बोड़ाकी गांव का रहने वाला 30 वर्षीय विकास कुमार मंगलवार की रात बुलेट बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर की तरफ लौट रहा था। दादरी रेलवे ओवर ब्रिज पर चढ़ते समय इसकी बुलेट बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में विकास की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्वोत्तर राज्यों से गांजा की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** पूर्वोत्तर राज्यों से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में आपूर्ति करने वाले दो तस्करों को मंगलवार रात पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों डिलिवरी ब्वॉय के माध्यम से ऑनलाइन मांग होने पर सप्लाई करते थे। इनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है।

सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मंगलवार रात टीम गढ़ी गोल चक्कर पर जांच कर रही थी। तभी बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया तो पर्थला फ्लाईओवर की तरफ मुड़ते हुए सर्विस रोड पर भागने लगे। टीम ने घेरकर दोनों को पकड़ लिया। दोनों की पहचान जिला कन्नौज के गांव रोहली निवासी योगेंद्र प्रताप और अरुण उर्फ कन्हैया के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में गांव गढ़ी में रह रहे हैं।

# गुणवत्ता के साथ पूरा हो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्यः मुख्य सचिव

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना विकास प्राधिकरण के ओएसडी/नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकोलस शेंक, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसके तहत उड़ान संचालन की अंतिम समय सीमा शीघ्र घोषित की जाएगी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

बैठक के उपरांत मुख्य सचिव ने टर्मिनल भवन, कार्गो स्थल एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक

# ट्विन टावर केस की दूसरी जांच में भी नोएडा अथॉरिटी के 11 अफसर दोषी

**नोएडा।** नोएडा में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े किए गए सुपरटेक के ट्विन टावर मामले में नोएडा प्राधिकरण के 11 अफसरों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। एसआईटी के बाद शासन के निर्देश पर हुई दूसरी जांच में भी इन अधिकारियों को दोषी पाया गया है।

जांच अधिकारी ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब शासन स्तर से आरोपियों पर कार्रवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोएडा के सेक्टर-93ए में बने सुपरटेक के ट्विन टावर एपेक्स और सियान 28 अगस्त 2022 को गिरा दिए गए थे। इसमें एक टावर 102 मीटर और दूसरा 95 मीटर ऊंचा था। इन टावर को गिराने के लिए एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी की एओए ने लंबा संघर्ष किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्विन टावर को लेकर नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए थे और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्राधिकरण के चेहरे ही नहीं, उसके मुंह, नाक, आंख सभी से भ्रष्टाचार टपकता है। प्राधिकरण के अधिकारियों की बिल्डर से साठगांठ है।

सुप्रीम कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी से प्राधिकरण की किरकिरी हुई थी। इसके बाद शासन ने इस मामले में सितंबर 2021 में उत्तर प्रदेश बुनियादी ढांचा एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मामले में शामिल 26 अधिकारियों/कर्मचारियों, सुपरटेक लिमिटेड के निदेशकों और उनके आर्किटेक्ट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। चार अक्टूबर 2021 को इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। इस प्रकरण में जिन 26 अधिकारियों पर आरोप हैं, उनमें से 20 रिटायर हो चुके हैं, जबकि दो की मौत हो चुकी है। चार सेवा में थे, जिन्हें सस्पेंड किया जा चुका है।

शासन ने इन अधिकारियों में से 11 की जांच का जिम्मा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव को सौंपा था। उन्होंने एक सप्ताह पहले इस मामले में जांच पूरी कर शासन को रिपोर्ट दे दी है। उन्होंने जांच रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में आगे का निर्णय शासन को लेना है। वह अपनी रिपोर्ट शासन को भेज चुके हैं।

वरिष्ठ अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, शासन को भेजी गई रिपोर्ट इन 11 अधिकारियों के लिए परेशानी बढ़ाने वाली है। एसआईटी की जिस जांच में इन अधिकारियों को आरोपी मानते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था, उसके प्रमुख मनोज कुमार सिंह वर्तमान में शासन में मुख्य सचिव हैं। यह अधिकारी उनकी रिपोर्ट में पहले ही आरोपी साबित हो चुके हैं। नई जांच रिपोर्ट में भी उन पर लगे आरोपों के खिलाफ अनेक साक्ष्य शासन को उपलब्ध कराए गए हैं। ऐसे में इन अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

# एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा व पुष्प विहार के छात्र बने यूथ पावर 2024-25 के विजेता

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में द ग्लोबल टाइम्स (एमिटी के छात्रों का अखबार) द्वारा यूथ पावर प्रोग्राम के 16वें संस्करण का ग्रैंड फिनाले 2024-25 समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डीसीपी प्रीति यादव, एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन डा. अमिता चौहान, एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन की चेयरपरसन डा. पूजा चौहान, डिजिटल मार्केटिंग की सहायक निदेशक महताब चौहान ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में प्रत्येक और नाइनिसमाइन के चीफ विजिनरी एवं आइडेंटटी नेतृत्वकता स्टीव रोचा और ट्राइंगलग्लोबल की सीईओ सुमिता गोयनका शामिल थे।

कार्यक्रम में यूएसए में तीरदांजी विश्व कप में मिक्स टीम और टीम इवेंट में स्वर्ण एवं कास्य पदक जीतने वाले और एमिटी के पूर्व छात्र रिषभ यादव को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।



यूथ पावर कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश के 12 एमिटी इंटरनेशनल स्कूलों ने हिस्सा लिया। जिसमें एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की टीम और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल पुष्प विहार दिल्ली की टीम को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार की ट्राफी प्रदान की गई। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल साकेत की टीम को द्वितीय पुरस्कार और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-43 गुडगांव एवं एमिटी इंटरनेशनल स्कूल मयूर विहार की टीम को संयुक्त रूप तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त एमिटी इंटरनेशनल स्कूल विराजखंड लखनऊ एंव एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-46 गुडगांव को ज्युरी स्पेशल मेंशन अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-43 गुडगांव की निधी अग्रवाल और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल मयूर विहार की पारूल प्रेमी को बेस्ट मेंटर टीचर का अवार्ड प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीसीपी प्रीति यादव ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज की सेवा करना और लोगों की मदद करना है, इसलिए किसी को भी किसी भी समस्या के मामले में पुलिस तक पहुंचने में डर या झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए। छात्रों को अपने स्थानीय पुलिस स्टेशनों का दौरा करना चाहिए और देखना चाहिए कि पुलिस बल कैसे काम करता है और उनसे सीखना चाहिए। उन्होंने छात्रों से एक शौक विकसित करने, केंद्रित रहने, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने, दोस्त बनाने और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

इस मौके पर द ग्लोबल टाइम्स की मैनेजिंग एडिटर वीरा शर्मा, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की प्रधानाचार्या रेनू सिंह सहित विभिन्न एमिटी स्कूलों की प्रधानाचार्या और शिक्षिका उपस्थित थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः अनिल रॉयल

फोनः (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address : royalnoida@gmail.com

# सैनिकों ने हर बार पाकिस्तान सेना को दिया कड़ा जवाब



**गुवाहाटी, एजेंसी।** एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रही गोलीबारी पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की सीएम ने सराहना की।उन्होंने एक्स पर लिखा कि जब भी पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, हमारे सैनिकों ने साहस के साथ उस अवसर पर खड़े होकर दुश्मन को निर्णायक रूप से पराजित किया और भारत के गौरव को कायम रखा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भारतीय सेना के साहस और जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब-जब पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, तब-तब भारतीय सैनिकों ने साहस के साथ दुश्मन को हराया और देश का गौरव बरकरार रखा। इसके अलावा उन्होंने बेबुनियाद आरोप लगाने पर कांग्रेस को भी घेरा। एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रही गोलीबारी पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की सीएम ने सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध~ भारतीय वीरता और विजय की विरासत। स्वतंत्रता के बाद से भारत की बहादुर सशस्त्र सेनाएं बार-बार पाकिस्तानी आक्रमण के खिलाफ हमारे देश की संप्रभुता की रक्षा करते हुए डटकर खड़ी रही हैं। जब भी पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, हमारे सैनिकों ने साहस के साथ उस अवसर पर खड़े होकर दुश्मन को निर्णायक रूप से पराजित किया और भारत के गौरव को कायम रखा। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच लड़े गए चार युद्ध 1947-49 का भारत-पाक युद्ध, 1965 का युद्ध, 1971 का युद्ध और 1999 के कारगिल युद्ध की जानकारी दी। सरमा ने कहा कि प्रत्येक भारत-पाक संघर्ष एक स्थायी सत्य को रेखांकित करता है। जब भी भारत को आक्रमण का सामना करना पड़ा, तब हमारे सैनिक निडर, अपराजित और अपने संकल्प में अडिग रहे। साहस और बलिदान की यह विरासत प्रत्येक भारतीय नागरिक को प्रेरित करती रहेगी। सरमा ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल सतर्क हैं और सभी परिस्थितियों में भारत की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जय हिंद। 1947-1949 के भारत-पाक युद्ध (प्रथम कश्मीर युद्ध) को लेकर उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने स्वतंत्रता के तुरंत बाद जम्मू और कश्मीर पर विश्वासघातपूर्वक आक्रमण किया, तो भारत ने त्वरित और वीरतापूर्वक जवाब दिया। हमारे सैनिकों ने श्रीनगर में ऐतिहासिक एयरलिफ्ट ऑपरेशन को अंजाम दिया, घाटी की सुरक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बना रहे। क्षेत्रों की सफलतापूर्वक रक्षा करने और नियंत्रण रेखा (एलओसी) स्थापित करने के साथ हुआ। 1965 के भारत-पाक में पाकिस्तान ने धोखे से कश्मीर में घुसपैठ करते हुए ऑपरेशन जिब्राल्टर शुरू किया और बाद में पूर्ण पैमाने पर युद्ध में तब्दील हो गया।

## बांद्रा मॉल में लगी आग का तांडव, फायर ब्रिगेड ने 22 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के उपनगरीय बांद्रा इलाके में मंगलवार की सुबह इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम वाली इमारत में भीषण आग लग गई, जिसके बाद आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ को भी बुलाना पड़ा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग में किसी के घायल होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। आग का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक मॉल में लगी भीषण आग पर 22 घंटे से अधिक समय की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बांद्रा पश्चिम में लिंकिंग रोड पर लिंक स्क्वायर मॉल के बेसमेंट में मंगलवार सुबह करीब 4.10 बजे आग लगी थी। बुधवार को दमकल कर्मियों और अन्य आपातकालीन सेवाओं की मशक्कत के बाद देर रात 1.41 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। शुरू में आग इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम तक ही सीमित थी, लेकिन जल्द ही आग ने तीन मंजिला मॉल की ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें 200 से अधिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और दुकानें हैं। मॉल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसके बाद राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) भी अभियान में शामिल हो गया। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि करीब 13 घंटे बाद दमकल विभाग ने 13 दमकल गाड़ियों और अन्य अग्निशमन वाहनों और उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। इसके बाद इसे पूरी तरह से बुझाने के प्रयास किए गए। मुंबई दमकल विभाग के प्रमुख रवींद्र अंबुलगेकर ने पहले ही घटना की जांच का एलान कर दिया है। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल सका है कि आग की वजह से लगी। उन्होंने मंगलवार को पीटीआई से कहा था कि मॉल में ज्वलनशील पदार्थ भरे हुए थे और वहां पहुंचना आसान नहीं था। अंबुलगेकर ने कहा था कि बाउंड्री की वजह से आग बुझाने में दिक्कतें आ रही थीं। जालीदार शटर की वजह से आग और धुआं एक दुकान से दूसरी दुकान में फैल रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़; चारधाम यात्रा का हुआ श्रीगणेश



**उत्तर काशी, एजेंसी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाटोद्घघाटन के मौके पर पूरा क्षेत्र हर-हर-गंगे की जयकारों से गूंज उठा। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। विश्वा प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब निरंतर छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई। कपाटोद्घघाटन के मौके पर समूचा गंगोत्री धाम मां गंगे के जयकारो से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा के दर्शन किए। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलते ही उत्तराखंड में चार धाम यात्रा श्री गणेश हो गया है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर आतंकवाद निरोधक दस्ता, अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों की नजर रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 10 कंपनी पैरामिलिट्री, 17 कंपनी पीएसी के साथ ही 10 स्थानों पर आतंकवाद निरोधक दस्ता तैनात रहेगा। 65 स्थानों पर एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से 10 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स उपलब्ध कराई जा रही है जो जल्द ही मिल जाएंगी। वहीं पीएसी की 17 कंपनी और छह हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चारधाम यात्रा में लगाई गई है। पूरे यात्रा रूट को ड्रोन से कवर किया जाएगा। 2000 सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यात्रा रूट पर सुरक्षा और यातायात की निगरानी की जाएगी। अलग-अलग क्षेत्रों से कंट्रोल रूम में फीड आ रहा है।

### महिला संबंधी विषयों पर अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर महिलाओं एवं छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 10 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित छात्रा संसद में देशभर से आए 300 से अधिक छात्रा प्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत की गई विस्तृत चर्चा एवून संवाद के आधार पर तैयार किया गया है। इस संसद में शिक्षाए सुरक्षाए स्वास्थ्यए स्वच्छताए आत्मरक्षाए आर्थिक सहायताए लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उसी चर्चा के निष्कर्षस्वरूप यह ज्ञापन तैयार कर भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया हैए ताकि महिलाओं और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नीतिगत स्तर पर प्रभावी पहल की जा सके। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉण् वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहाए ष्देश की छात्राएं और महिलाएं न केवल वर्तमान भारत की रीढ़ हैंए बल्कि भविष्य के भारत की दिशा भी निर्धारित करती हैं। शिक्षा परिसरों से लेकर समाज के हर क्षेत्र में उनकी सुरक्षाए सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह 13 सूत्रीय ज्ञापन केवल मांगों की सूची नहींए बल्कि छात्राओं की ज़मीनी चुनौतियों का प्रतिबिंब और उनके समाधान का ठोस खाका है। हम अपेक्षा करते हैं कि केंद्र सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र अति शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगी।

## दुश्मन का समर्थन देशद्रोह, पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी के आरोपी की हत्या पर सिद्धारमैया का बयान

**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक के मंगलुरु में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले के प्रकाश में आते ही राज्यभर में चर्चा तेज हो गई, जिसको लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन में बोलना देशद्रोह है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पाकिस्तान के पक्ष में बोलता है या पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाता है, तो यह पूरी तरह से गलत है और इसे देशद्रोह माना जाना चाहिए। यह बयान उन्होंने मंगलूरू में एक युवक की हत्या को लेकर दिया, जिस पर कथित रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने का आरोप था। जहां सिद्धारमैया ने कहा कि मामले की जांच जारी है और अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ होगा कि किसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि युवक की भीड़ द्वारा हत्या की गई है और गिरफ्तार लोगों का दावा है कि मृतक ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सभी से पूछताछ की जा रही है। परमेश्वर ने कहा कि मृतक की पहचान केरल के वायनाड जिले के पुलपल्ली गांव निवासी अशरफ के रूप में हुई है। पुलिस उसके मूल और परिवार से भी संपर्क कर रही है।

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जांच बहुत गंभीरता से की जा रही है और अगर पुलिस की ओर से कोई चूक हुई हो तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले को हल्के में नहीं ले रही है। मामला संवेदनशील होने के कारण राज्य सरकार और पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

## गाजियाबाद के 2,420 एकड़ में बसेगी सन सिटी, आवास-कॉम्प्लेक्स बनेंगे; डीपीआर को मिली मंजूरी

**गाजियाबाद एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सोमवार को हुई बैठक में उच्चस्तरीय समिति (हाई पावर कमेटी) ने सन सिटी की संशोधित डीपीआर को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत 2,420 एकड़ में आवास और कॉम्प्लेक्स बन सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार संशोधित डीपीआर पर आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे। फिर इसका प्रस्ताव जीडीए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने पर आगे का काम होगा। हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत सोमवार को लखनऊ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें मैसर्स सन सिटी हाईटेक इंफ्रास्ट्रेक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड की संशोधित डीपीआर पर मंथन किया गया। जीडीए अधिकारी ने बताया कि सन सिटी द्वारा प्रस्तुत संशोधित डीपीआर 2,420 एकड़ में दी गई। प्रस्ताव पर उच्च स्तरीय समिति ने सनसिटी की हाईटेक टाउनशिप परियोजना के पुनर्निर्धारित क्षेत्रफल 2420.11 एकड़ पर मंजूरी दे दी। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि उच्च स्तरीय समिति की मंजूरी के बाद अब इस संशोधित डीपीआर पर आपत्ति व सुझाव मांगे जाएंगे। जिनका निस्तारण करने के बाद यह संशोधित डीपीआर जीडीए बोर्ड बैठक में रखी जाएगी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस योजना पर आगे काम



हो सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया में दो से तीन महीने तक लग सकते हैं। संशोधित डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद बिल्डर क्षेत्र में विकास कार्य शुरू कर सकेगा। इसके बाद वहां आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं आ सकेंगी। जानकार बताते हैं कि यदि संशोधित डीपीआर पर काम आगे बढ़ेगा तो कई लोगों को अपना घर मिल सकेगा। यहां भूखंड समेत ग्रुप हाउसिंग बनेंगी। साथ ही कॉमर्शियल सेंटर भी विकसित होंगे। इससे लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। हाईटेक सिटी नीति के तहत सनसिटी बसाने के लिए 4312 एकड़ जमीन पर डीपीआर स्वीकृत की गई थी, लेकिन बिल्डर किसानों से जमीन नहीं खरीद पाया। इसके बाद साल 2021 में 4312 एकड़ के बजाए 828 एकड़ जमीन पर संशोधित डीपीआर का प्रस्ताव पेश किया गया। इस जमीन में 372 एकड़ जमीन वह है, जो जीडीए द्वारा बिल्डर को अधिग्रहण और पुर्नग्रहण के जरिये मुहैया कराई गई है। इस तरह संशोधित डीपीआर के क्षेत्रफल में 46 प्रतिशत वह जमीन शामिल थी जो पुर्नग्रहण और अधिग्रहण के जरिये मिली। इसीलिए कई माह पूर्व जीडीए बोर्ड ने संशोधित डीपीआर को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। सनसिटी को मिली 372 एकड़ जमीन को कुल डीपीआर के क्षेत्रफल के अनुपात में 25 प्रतिशत लाने के लिए डीपीआर का क्षेत्रफल बढ़ाने की शर्त लगाई गई।

## चायोस, कैसल बारबेक्यू सहित 5 रेस्टोरेंट को नोटिस, दिल्ली हाईकोर्ट का नहीं माना यह आदेश; क्या है मामला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने दिल्ली हाईकोर्ट के हालिया फैसले के बावजूद सेवा शुल्क वापस न करने के आरोप में राजधानी में संचालित पांच रेस्तरां के खिलाफ स्वत~ संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने कहा कि यह कार्रवाई उसके उपभोक्ता हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायतों के बाद की गई।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915) पर मिली शिकायतों के जरिए सीसीपीए के संज्ञान में आया कि शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ रेस्तरां उपभोक्ताओं से पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना अनिवार्य सेवा शुल्क लगाना जारी रख रहे हैं, जिससे उपभोक्ता अधिकारों की अवहेलना होती है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार अनुचित व्यापार प्रथाओं में लिप्त होते हैं।



सीसीपीए अधिकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद रेस्तरां या होटलों में सेवाओं का लाभ उठाते समय उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त राशि का भुगतान करने के लिए पड़ने वाले अनुचित दबाव को कम करना है। यह एक विवादास्पद मुद्दा है जो कानूनी मामला बन गया है और इसका रेस्तरां और होटलों द्वारा इसका कड़ा विरोध किया जा रहा है।

बयान में कहा गया है, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने पांच रेस्तरां - मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन के खिलाफ माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद अनिवार्य सेवा शुल्क वापस न करने को लेकर स्वत~ संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। जुलाई 2022 में सीसीपीए ने होटलों और रेस्तरां में सेवा शुल्क के संबंध में अनुचित व्यापार प्रथाओं पर अंकुश लगाने और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे। इस साल मार्च में दिल्ली हाईकोर्ट ने सेवा शुल्क पर सीसीपीए के दिशानिर्देशों को बरकरार रखा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं‌ए भगवान बसवेश्वर को याद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवेरे देशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ बसव जयंती के शुभ अवसर पर जगद्गुरु बसवेश्वर का पुण्य स्मरण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संबंध में दो अलग.अलग संदेश एक्स पर जारी किए।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखाए श्श् आप सभी को अक्षय तृतीया की अनंत शुभकामनाएं। मानवता को समर्पित यह पावन पर्व हर किसी के लिए सफ्लताए संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आएए जो विकसित भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करे। श्श् प्रधानमंत्री ने दूसरे संदेश में लिखाए श्श् बसव जयंती के शुभ अवसर पर हम जगद्गुरु बसवेश्वर के गहन ज्ञान को याद करते हैं। समाज के प्रति उनका दृष्टिकोण और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए उनके अथक प्रयास आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं।श्श

उल्लेखनीय है कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चन्द्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं। अतः दोनों की सम्मिलित कृपा का फ्ल अक्षय हो जाता है। अक्षय का अर्थ होता है जिसका क्षय न हो। माना जाता है कि इस तिथि को किए गए कार्यों के परिणाम का क्षय नहीं होता। अन्य कुरीतियों के खिलाफसंघर्ष करने के लिए जाना जाता है। उन्हें विश्व गुरुए भक्ति भंडारी और बसव भी कहा जाता है। उन्होंने लिंगए जातिए सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी लोगों को बराबर अवसर देने की बात कही।

## केरल सीएम के पूर्व मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ नहीं होगी सीबीआई जांच, आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आय से अधिक संपत्ति मामले में केरल उच्च न्यायालय ने 11 अप्रैल को कोट्टायम निवासी जोमन पुथेनपुरकल की याचिका पर केरल सीएम पी विजयन के पूर्व मुख्य सचिव केएम अब्राहम के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी है। केरल सीएम पी विजयन के पूर्व मुख्य सचिव केएम अब्राहम के खिलाफ अब सीबीआई जांच नहीं होगी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच शुरू करने के सीबीआई को निर्देश देने वाले केरल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव केएम अब्राहम की ओर से दायर अपील पर सीबीआई, केरल सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। अब्राहम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर, कानून की धारा 17ए के तहत अनिवार्य मंजूरी के बिना दर्ज नहीं की जा सकती।

## फरीदाबाद में पुलिस टीम पर हमला, कार से कुचलने की कोशिश; गाड़ी रोकने पर भड़के युवक

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद सेक्टर-12 स्थित एक मॉल के पास सोमवार शाम वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम पर कार सवार पांच युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही कार से कुचलने का प्रयास किया और हाथापाई की। इसमें एक पुलिसकर्मी को चोट आई है। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के अधिकारियों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद सेंट्रल थाना में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आरोपियों के हमले में घायल पुलिस कर्मी की पहचान कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। वह ईआरवी ईआरवी 176, डायल 112 के इंचार्ज हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि सोमवार की शाम वह एसपीओ भूरा सिंह के साथ सेक्टर-12 स्थित पेबल डाउन टाउन मॉल चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान संदिग्ध पाए जाने पर वाहनों को रोककर जांच कर रहे थे। उसी समय



एल्डिको मॉल कि तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक कार को रुकने का ईशारा किया गया। लेकिन चालक कार को न रोककर पुलिस की टीम को कुचलने का प्रयास करते हुए पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी और भागने लगे। इसके बाद उसे खदेड़कर रोका गया। कार में करीब पांच युवक सवार थे। कार रूकते ही सभी युवक कार से उतरे और शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार और एसपीओ भूरा सिंह के साथ हाथापाई करने लगे। लोगों के सामने युवकों ने वर्दी को पकड़कर खींचते हुए गाली गलौज शुरू कर दी।

शिकायतकर्ता के अनुसार जिस समय युवक उनसे हाथापाई कर रहे थे, उस समय यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर सूबे सिंह वहां से गुजर रहे थे। वह हाथापाई देखकर रुक गए। साथ ही अपने मोबाइल फोन से घटना की विडियो बनाने लगे। यह देखकर सभी युवक उनके साथ भी हाथापाई की और उनसे मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। आरोपियों से हाथापाई में उनके शरीर में तीन जगह चोट आई है। हाथ, छाती व अन्य जगह पर चोट लगी। उनका बीके अस्पताल में उपचार किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने कार को रोकने के बाद उसमें सवार युवकों से कागजात आदि दिखाने को कहा और उन्हें समझाया।

# मैच खत्म होते ही कुलदीप यादव ने रिंकू सिंह को मारे कई चांटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को आईपीएल 2025 के 48वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रनों से हराया. अरुण जेटली स्टेडियम में हुए इस मैच के बाद जब प्लेयर्स आपस में बातचीत कर रहे थे, उस समय का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. वीडियो में कुलदीप यादव रिंकू सिंह को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं, जिसके बाद रिंकू गुस्से में भी दिख रहे हैं.

कुलदीप यादव दिल्ली कैपिटल्स में जबकि रिंकू सिंह कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं. वीडियो मैच के बाद का है, इसमें दोनों टीमों के प्लेयर्स आपस में बात कर रहे हैं जैसा हर मैच के बाद खिलाड़ी करते हैं. तभी कुलदीप यादव किसी बात पर रिंकू सिंह को थप्पड़ मारते हैं, और कुछ बोलते हैं. रिंकू बचते हुए हंसते हैं लेकिन फिर शायद उनकी बात सुनकर चुप हो जाते हैं. एक बार फिर कुलदीप ऐसा करते हैं तो रिंकू सिंह का चेहरा गुस्से में लाल ही हो जाता है. वह उन्हें घूरते हैं.

सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें तरह तरह के रिएक्शन आ रहे हैं. लोग हैरान हैं




कि आखिर किस बात पर ऐसा हुआ. एक यूजर ने बीसीसीआई, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर को टैग करते हुए लिखा कि देखो क्या मामला है. तो एक अन्य यूजर ने लिखा, जैसे लग रहा है कि बुरा मान गया. एक दूसरे यूजर ने लिखा, कुलदीप का व्यवहार बहुत बुरा. एक यूजर ने लिखा कि, भाई सीरियस लग रहा है, पूरी वीडियो नहीं है क्या लास्ट में शायद रिंकू ने गाली भी दी थी. तो इसके जवाब में जिस हैंडल से वीडियो शेयर किया गया उसने जवाब दिया, नहीं, इसके बाद दोनों इंटरव्यू के लिए चले गए थे.

### कोलकाता ने प्लेऑफ की उम्मीदों को रखा जिंदा

कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए थे. दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी लेकिन एक समय पर टीम जीत के करीब पहुंच गई थी, जब फाफ डुप्लेसिस सेट हो गए थे. उन्होंने 45 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 62 रन बनाए. अक्षर पटेल ने भी 23 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली. विपराज निगम ने अंत तक संघर्ष किया, उन्होंने 19 गेंदों में 38 रन बनाए लेकिन टीम लक्ष्य से 15 रन दूर रह गई.

केकेआर जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, हालांकि इस मैच के बाद अंक तालिका में टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ. दिल्ली कैपिटल्स 12 अंकों के साथ चौथे और कोलकाता 9 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है.



# इस लड़की के घर में रहने पहुंचे युजवेंद्र चहल, रह चुकी है मिस वर्ल्ड इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युजवेंद्र चहल पहले धनश्री से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में थे. फिर उनका नाम आरजे महवश से जुड़ा . लेकिन फिलहाल वो खबरों में हैं मुंबई में अपने नए ठिकाने को लेकर. दरअसल, मायानगरी में युजवेंद्र चहल उस लड़की के घर में रहने वाले हैं, जो मिस वर्ल्ड इंडिया रह चुकी है, जो एक एक्ट्रेस भी है और सुपर मॉडल भी. हम बात कर रहे हैं नताशा सूरी की, जिनका अपार्टमेंट युजवेंद्र चहल ने रहने के लिए किराए पर लिया है. युजवेंद्र चहल ने मुंबई में रहने के लिए पूर्व मिस वर्ल्ड इंडिया रह चुकी नताशा सूरी का अपार्टमेंट 3 लाख रुपये प्रति महीने के किराए पर लिया है. इसके लिए उन्होंने 4 फरवरी 2025 को एग्रीमेंट साइन किया था. नताशा सूरी के अपार्टमेंट को किराए पर लेने के लिए चहल ने 10 लाख रुपये की सिक्योरिटी मनी भी जमा की है. फिलहाल दोनों के बीच ये एग्रीमेंट 2 साल का हुआ है. रेंटल एग्रीमेंट में एक साल बाद 5 फीसद किराए में बढ़ोत्तरी की भी बात है.युजवेंद्र चहल ने जो अपार्टमेंट किराए पर लिया है, वो अंधेरी वेस्ट में है और उसका एरिया 1399 स्क्वॉयर फीट का है. हालांकि, ये बात समझ से परे है कि जिस बात को धनश्री के साथ तलाक की वजह माना गया, चहल उसे ही करते क्यों दिखे ? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चहल औन धनश्री का तलाक मुंबई में रहने और ना रहने के सवाल पर ही हुआ था. धनश्री ये चाहती थीं कि वो मुंबई में रहें. मगर चहल की तब दलील थी कि वो हरियाणा से बाहर शिफ्ट नहीं होना चाहते, ताकि अपने माता-पिता के साथ रह सकें. चहल के इस कदम को लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग रिएक्शन आ रहे है. लोग ये सवाल कर रहे हैं कि जब धनश्री कह रही थी तब क्यों नहीं आए मुंबई रहने ? वहीं एक दूसरे मीडिया यूजर्स ने पूछा कि क्या लड़की का चक्कर है बाबू भइया ? एक यूजर्स ने लिखा कि इस कदम से तो यही लगता है कि धनश्री से तलाक की वजह फिर कुछ और थी ?

# तेंदुए से हुआ सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी का सामना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी का तेंदुए से सामना हुआ है. ऐसा जयपुर में हुआ. दरअसल, मुंबई इंडियंस की टीम अपने अगले आईपीएल मैच को लेकर जयपुर में है, जहां उसे 1 मई को राजस्थान रॉयल्स की चुनौती का सामना करना है. मगर उस मुकाबले से सूर्यकुमार यादव, पत्नी के साथ घूमने निकले और इसी दौरान उनका सामना तेंदुए से हुआ. तेंदुए के साथ सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी की मुलाकात का वीडियो भी सामने आ गया है, जो वाकई रोमांचित करता है. सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी को घूमते हुए तेंदुआ बीच सड़क पर नहीं मिला. बल्कि, तेंदए के साथ इन दोनों का एनकाउंडर तब हुआ जब ये उसके इलाके में यानी कि झलाना लेपर्ड सफारी घूमने पहुंचे. उन्होंने वहां तेंदुए का जबरदस्त मूवमेंट देखा. उन्होंने उसे पानी पीते हुए सूट किया. उसकी चाल को फिल्माया. उसे आराम करते हुए भी सूट किया. और, वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया.किसी भी जंगली जानवर को इतने करीब से देखना, उसे कैमरे में कैद करना, मुश्किल भरा काम है. इस काम में खतरा है. क्योंकि कई बार जंगली जानवर ऐसा करने से चिढ़कर हमला बोल देते है. मगर सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी ने जिस तरह से बिना लेपर्ड को परेशान किए उसकी तस्वीरों को कैमरे में कैद किया, उसका वीडियो बनाया, वो अपने आप में काबिलेतारीफ रहा.



### आईपीएल इतिहास में कोई आज तक नहीं कर सका ऐसा

# नरेन ने की बड़े विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के लिए खेल रहे सुनील नरेन टी20 क्रिकेट पुरुष में इतिहास रचने की दहलीज पर हैं। नरेन इस सीजन में अगर एक और विकेट लेते हैं तो वह पुरुष टी-20 क्रिकेट में एक टीम के लिए खेलते हुए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। सुनील ने समित पटेल के 208 विकेट की बराबरी कर ली है। समित ने नॉटिंघमशायर के लिए टी20 क्रिकेट खेलते हुए 208 विकेट चटकाए हैं। सुनील नरेन भी केकेआर के लिए खेलते हुए 208 विकेट पूरे कर चुके हैं। तीसरे नंबर पर क्रिस वुड हैं जो हैम्पशायर के लिए खेलते हुए तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए 195 विकेट लिए हैं। सुनील नरेन ने आईपीएल के इतिहास में 190 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने केकेआर के लिए चैंपियंस लीग टी20 भी खेला है। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच 48वां मैच में सुनील नरेन ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सुनील ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के सामने शानदार बल्लेबाजी का भी प्रदर्शन किया और 16 गेंदों पर 27 रन बनाए। नरेन के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को महत्वपूर्ण मुकाबले में हराया। केकेआर के बल्लेबाजों ने शानदार स्ट्राइक रेट से ताबड़तोड़ पारियां खेलकर बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 204/9 का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस (62) और कप्तान अक्षर पटेल ने (43) रन की पारी खेली। दोनों के बीच 76 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली क मैच में बनी हुई थी। दोनों बल्लेबाजों की ओर से शानदार शॉट्स खेले जा रहे थे। इसी बीच नरेन ने उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस और कप्तान अक्षर पटेल का विकेट लेकर डीसी की कमर तोड़ दी। इस बीच क्रीज पर आए ट्रिस्टन स्टब्स अभी कुछ समझ पाते कि नरेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। देखते ही देखते डीसी की बल्लेबाजी ताश के पत्ते की तरह ढह गई।

### आईपीएल पर सट्टेबाजी का साया

# 8.5 लाख करोड़ दांव पर, टूट रहे परिवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे आईपीएल का जुनून देश को अपनी चपेट में ले रहा है, मैदान के बाहर एक खतरनाक ट्रेंड उभर रहा है। भारत में सट्टेबाजी ने इस साल 8.5 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर को छू लिया है। टूटी जिंदगियां, बिखरे परिवार और आर्थिक बर्बादी जैसे घटनाक्रम स्टेडियम की तालियों और फैंटेसी लीग के शोर के पीछे दब रहे हैं। हाल की खबरें दिल दहलाने वाली हैं। कर्नाटक में एक व्यक्ति ने सट्टेबाजी में 1 करोड़ रुपये गंवाए, जिसके बाद उनकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली। मैसूर में कई परिवार इस जाल में फंसकर तबाह हो चुके हैं। खेल के प्रति जुनून और सट्टेबाजी का नशा अब महज अटकलें नहीं, बल्कि एक बढ़ती महामारी बन चुका है।इसके खिलाफ जागरूकता की एक नई लहर उठ रही है। एंजल वन की पहल फाइनवन.क्लब पर 24,000 से अधिक लोग क्विट बैटिंग का संकल्प ले चुके हैं, जो खासतौर पर जेन जैड को वित्तीय समझदारी की राह दिखा रहा है। यह अभियान सिर्फ एक कैंपेन नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता की लड़ाई में एक समुदाय का निर्माण है। सट्टेबाजी को भले ही आकर्षक दिखाया जाए, लेकिन इसके परिणाम बहुत बुरे होते हैं। इस आईपीएल सीजन इससे दूर रहना ही शायद असली जीत होगी।

# लगातार तीन मैच हारने के बाद जोकोविच ने लिया बड़ा फैसला, इटालियन ओपन से नाम वापस लिया




**रोम, एजेंसी।** जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैच हारने के बाद बड़ा फैसला लिया है। अपने 100वें खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में अगले महीने क्ले कोर्ट पर यह टूर्नामेंट खेला जाना है। इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने लिखा, अगले साल मिलते हैं, नोल। मालूम हो कि जोकोविच को नोल नाम से भी बुलाया जाता है। सर्बिया का 37 वर्षीय यह स्टार टेनिस खिलाड़ी इस सीजन संघर्ष कर रहा है। जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 12-6 है। स्पेन में मातेओ आर्नाल्डी से हारने के बाद जोकोविच ने कहा था, यह 20 से ज्यादा वर्षों के पेशेवर टेनिस के अनुभव से बिलकुल अलग है। कोर्ट पर इस तरह की संवेदनाओं का सामना करना मेरे लिए मानसिक रूप से एक चुनौती है, अब नियमित रूप से टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो रहा हूं।

### फ्रेंच ओपन पर नजरें

जोकोविच लंबे समय तक एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं, लेकिन वह फिलहाल पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कार्लोस अल्कारेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। जोकोविच लगातार यह कहते आए हैं कि वह बड़े टूर्नामेंटों में जीत दर्ज करना चाहते हैं और अगला बड़ा टूर्नामेंट पेरिस में 25 मई से शुरू होगा। जोकोविच घुटने में चोट के कारण पिछले साल रोलां गैरों में हिस्सा नहीं ले सके थे क्योंकि उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।

# निशानेबाजी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल मनु भाकर और कुसाले, म्यूनिख में बिखेरेंगे चमक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। मालूम हो कि कुसाले और मनु ने पिछले साल ओलंपिक में पदक जीते थे। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे आईपीएल 2025 के बाद जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और 17 साल के आयुष महात्रे ने अब तक काफी प्रभावित किया है। वैभव राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं जबकि वैभव चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। ये दोनों खिलाड़ी अभी वयस्क नहीं हैं, लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि प्रतिभा को मौका मिले तब क्या कुछ हो सकता है। दोनों को भारतीय क्रिकेट के भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।

### इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे वैभव-आयुष

वैभव ने तो गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 35 गेंदों पर शतक लगाकर दुनिया की सबसे बेहतरीन टी20 लीग के मंच पर तूफान मचा दिया तो वहीं आयुष ने भी पिछले दो मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है। आयुष को सीएसके टीम में चोटिल नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में जगह दी गई थी। आईपीएल 2025 में इन दोनों खिलाड़ियों का एक्शन क्रिकेट फैंस देख रहे हैं, लेकिन इसके बाद ये दोनों इंग्लैंड दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम के लिए खेलेंगे। भारतीय अंडर-19 टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जबकि सीनियर टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वहां जाएगी।

### इंग्लैंड में खेली जाएगी टेस्ट और वनडे सीरीज

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जूनियर टीम इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी और टीम जून के अंत में इंग्लैंड पहुंचेगी। सीनियर और अंडर-19 पुरुष टीमों के साथ-साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम और मिश्रित दिव्यांग टीम भी उस समय इंग्लैंड में होगी। भारतीय अंडर-19 टीम पिछले साल अंडर-19 एशिया कप के बाद पहल बार विदेशी दौरे पर जाएगी। अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत को हार मिली थी। वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे दोनों ही अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे और पारी की शुरुआत करते थे। आयुष ने उस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय अंडर-19 टीम के लिए डेब्यू किया था, हालांकि उन्होंने अब तक लाल गेंद के प्रारूप में नहीं खेला है। वहीं वैभव ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में डेब्यू किया था और जूनियर नेशनल टीम के लिए दो टेस्ट और तीन वनडे खेले हैं। इंग्लैंड के दौरे से भारतीय अंडर-19 टीम को 2026 अंडर-19 विश्व कप की तैयारी करने का मौका मिलेगा जो अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।